कार्तिक कृष्ण - 14 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 109 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- ▪ चेन्नई » रविवार » 12-11-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com


# दक्षिण भारत राष्ट्रमत


दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



5 मोदी ने घुसपैठियों को रोका, अनुच्छेद 370 हटाया : शाह

7 फिल्म 'पिप्पा' में काम करने को लेकर बेहद खुश हैं मृणाल ठाकुर





## सूचना

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत** के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हितैषियों को दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। दीपोत्सव के उपलक्ष्य में हमारे कार्यालय में 12 नवम्बर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 14 नवम्बर 2023 को प्रकाशित होगा।

– व्यवस्थापक

## फर्स्ट टेक

### पाकिस्तानः अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की जब्त संपत्ति लौटाने का आदेश दिया

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को यहां की जवाबदेही अदालत ने अस्थायी राहत देते हुए अधिकारियों को भ्रष्टाचार के मामले में 2020 में जब्त की गईं उनकी सभी चल- अचल संपत्ति लौटाने का आदेश दिया। समाचारपत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' में प्रकाशित खबर के मुताबिक इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने शुक्रवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शरीफ (73) के खिलाफ तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई की। नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को साढ़े चार साल के स्व निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश बशीर को सूचित किया गया कि चूंकी शरीफ ने आत्मसमर्पण कर दिया है और उनको गिरफ्तार करने के लिए जारी वारंट को रद्द कर दिया गया है, इसलिए उनकी संपत्ति कुर्क करने के आदेश को वापस लिया जा सकता है।

### पाकिस्तान की जेल से रिहा हुए 80 मछुआरे भारत पहुंचे

**अमृतसर/भाषा।** पाकिस्तान की एक जेल से हाल ही में रिहा किए गए 80 भारतीय मछुआरों को यहां अटारी-वाघा सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान सरकार ने बृहस्पतिवार को कराची की मालिर जेल से 80 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया था। पंजाब पुलिस के प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण महाल ने कहा कि सभी कैदी इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा जारी 'आपातकालीन यात्रा प्रमाणपत्र' के माध्यम से अटारी-वाघा सीमा के रास्ते शुक्रवार रात भारत आ गए।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 12-11-2023 5:39 बजे | सूर्योदय 13-11-2023 6:06 बजे |
| BSE 64,904.68 (+72.48) | NSE 19,425.35 (+30.05) |
| सोना 6,241 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 77,000 रु. प्रति किलो |



# अयोध्या में पुष्पक विमान से पहुंचे प्रतीकात्मक भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** प्रतीकात्मक भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण 14 वर्ष के वनवास के बाद पुष्पक विमान से शनिवार को अयोध्या पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उनका स्वागत किया, और हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यहां दीपोत्सव के अवसर पर राम कथा पार्क में भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण के वंदन-अभिनंदन तथा प्रतीकात्मक राज्याभिषेक कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार कर रहा है। मुख्यमंत्री ने दीपावली की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, हम सब सौभाग्यशाली हैं कि यहां दीपोत्सव के साक्षी बन रहे हैं। इस दीपोत्सव का दुनिया के 100 से अधिक देशों में सीधा प्रसारण हो रहा है। दुनिया देख रही है कि कैसे भगवान राम हजारों साल पहले पुष्पक विमान से अयोध्या आए होंगे और किस तरह से देवताओं ने आकाश से पुष्प वर्षा की होगी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 14 वर्ष के वनवास के बाद शनिवार को पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे प्रतीकात्मक भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का रथ खींचने में भाग लिया।

योगी ने कहा,'हमने सात साल पहले जब इस कार्यक्रम को शुरू किया था, तब असमंजस की स्थिति थी। उस वक्त पूज्य संतों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यहां जिस कार्यक्रम को शुरू किया गया, वह आज प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार कर रहा है। हम सब नई अयोध्या को बनते हुए देख रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम के 'रामराज्य' की परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी ने बीते साढ़े नौ वर्षों के दौरान कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा आई हो या आतंकवाद की समस्या रही हो, भय को खत्म करते हुए गरीबों के कल्याण के लिए काम किए गए हैं। उन्होंने कहा,'अयोध्या भगवान राम की प्रिय नगरी है और इसे दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में विकसित करने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। आज अयोध्या में जितने पर्यटक आ रहे हैं, उससे 10 गुना ज्यादा पर्यटक आगामी मकर संक्रांति और 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के बाद यहां आने लगेंगे।

# जिन्ना के सपने को पूरा कर रही है कांग्रेस : हिमंत विश्व शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को तेलंगाना में विधानसभा चुनाव से पहले 'अल्पसंख्यक घोषणापत्र' जारी करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि पार्टी मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के सपने को पूरा कर रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शर्मा ने नाम लिए बगैर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया कि जिन लोगों ने गांधी उपनाम लगा रखा है, उन्होंने जिन्ना की नीतियों को पुनर्जीवित किया है।

बृहस्पतिवार को जारी कांग्रेस के अल्पसंख्यक घोषणापत्र में कहा गया है कि अगर पार्टी तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो वह नौकरियों, शिक्षा और सरकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों सहित सभी पिछड़े वर्गों के लिए उचित आरक्षण सुनिश्चित करेगी। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अपने लंबे राजनीतिक करियर में मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि कांग्रेस एक धर्म के वोट बैंक पर कब्जा करने की कोशिश में इतना नीचे गिर जाएगी। धर्म विशिष्ट घोषणापत्र लाकर कांग्रेस मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के सपने को पूरा कर रही है।

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 'अल्पसंख्यक घोषणापत्र' की एक तस्वीर साझा करते हुए, शर्मा ने कहा कि सभी 'भारतीयों' को कांग्रेस से सवाल करना चाहिए कि क्या 'जितनी आबादी उतना हक' का नारा मुसलमानों के लिए अवैध आरक्षण वापस लाने के वास्ते एक ढकोसला है?

बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातिगत सर्वेक्षण की सराहना करते हुए, गांधी ने दो अक्टूबर को 'एक्स' पर एक पोस्ट में 'जितनी आबादी उतना हक' वाक्यांश का इस्तेमाल किया था। शर्मा ने यह भी पूछा कि क्या करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल 'मुल्लाओं को वेतन देने और अन्य विभाजनकारी योजनाओं को निधि देने' के लिए किया जाना चाहिए।

कांग्रेस ने कहा है कि अगर 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में वह तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो वह छह महीने के भीतर जातिगत जनगणना कराने के अलावा, अल्पसंख्यक कल्याण के लिए बजट को बढ़ाकर सालाना 4,000 करोड़ रुपए करेगी। पार्टी ने बेरोजगार अल्पसंख्यक युवाओं और महिलाओं को रियायती ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रति वर्ष 1,000 करोड़ रुपए देने का भी वादा किया।


सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

आपका सोना आएगा आपके काम
Make your gold work for you

CENT PERSONAL GOLD LOAN

- Maximum Loan amount ₹ 40,00,000/-
- Bullet repayment facility
- अधिकतम ऋण राशि ₹40,00,000/-
- त्वरित पुनर्भुगतान सुविधा

गृह लक्ष्मी को मिला अवसर, उनका होगा अपना घर.
Now is the right time to be a woman home buyer

Lowest Interest Rate
No Processing Charges
No Pre-payment Charges
CENT Grih Lakshmi

- Special Housing Loan Scheme for Women
- Rate of Interest (ROI) @ 8.35%
- Takeover of loans @ zero cost
- महिलाओं के लिए विशेष गृह ऋण योजना
- ब्याज दर: 8.35%
- लोन का टेकओवर शून्य लागत पर

Wishes Happy Diwali to all our customers and well wishers

Scan WhatsApp Code to Chat with us

T & C Apply

www.centralbankofindia.co.in | Follow us on CentralBankofIndia
Give a Missed Call on 922 390 1111




# राष्ट्रपति मुर्मू ने गरीबों को खुशी में शामिल करने का आह्वान किया

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को दिवाली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और उनसे गरीबों तथा जरूरतमंदों के साथ अपनी खुशियां साझा करके उनके जीवन में खुशी और समृद्धि लाने का आह्वान किया।

मुर्मू ने कहा, दीपावली हर्ष और खुशी का त्योहार है। यह अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। विभिन्न धर्मों और आस्थाओं के लोग इस त्योहार को मनाते हैं और प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश फैलाते हैं। यह त्योहार दयालुता, सकारात्मकता और समृद्धि का प्रतीक है।

## ▪ दिवाली की पूर्व संध्या पर बधाई दी



राष्ट्रपति ने कहा, दीपावली का त्योहार हमारी अंतरात्मा को रोशन करता है और हमें मानवता के कल्याण के प्रति काम करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, एक दीप कई अन्य (दीपों) को रोशन कर सकता है। उसी तरह, हम गरीबों और जरूरतमंदों के साथ अपनी खुशियां साझा करके उनके जीवन में खुशी और समृद्धि ला सकते हैं।

# आईएसआईएस से जुड़े चार लोग गिरफ्तार

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने आईएसआईएस के अलीगढ़ मॉड्यूल से जुड़े चार आरोपियों को अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया है। एटीएस मुख्यालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह यह जानकारी दी। एटीएस के अनुसार शुक्रवार को राकिब इमाम अंसारी तथा शनिवार को नवेद सिद्दीकी, मोहम्मद नोमान और नखास क्षेत्र के दीपा सराय निवासी मोहम्मद नाजिम को संभल से गिरफ्तार किया गया एवं उनके कब्जे से आईएसआईएस का प्रतिबंधित साहित्य, मोबाइल फोन और पेन ड्राइव बरामद किया गया है।

# 'भारत का चरित्र कभी भी किसी अन्य देश पर हमला करने या उसकी जमीन पर कब्जा करने का नहीं रहा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सीतापुर/भरतपुर/पाटन/भाषा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का चरित्र कभी भी किसी अन्य देश पर हमला करने या उसकी एक इंच जमीन पर कब्जा करने का नहीं रहा है, लेकिन हमने संकल्प लिया है कि यदि किसी ने हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, तब किसी को नहीं बख्शा जाएगा।



छत्तीसगढ़ के सीतापुर, भरतपुर-सोनहत और पाटन विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए सिंह ने भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि पार्टी खुद के 'हीरो' होने का दावा करती है, लेकिन वह विकास करने में 'जीरो' है। उन्होंने कहा कि भाजपा अगर राज्य की सत्ता में आती है, तो अगले तीन-चार वर्षों में राज्य से नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा तथा जबरन धर्म परिवर्तन पर रोक लगाई जाएगी।

सिंह ने भरतपुर में एक सभा में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरा है और दुनिया में इसकी प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आर्थिक विशेषज्ञों और वित्तीय फर्मों के अनुसार अगले तीन वर्षों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। दो अन्य देश अमेरिका और चीन होंगे।

उन्होंने कहा, भारत अब कमजोर देश नहीं रहा, बल्कि ताकतवर हो गया है। कोई भी भारत को 'आंख दिखाकर' बच नहीं सकता।

पांच-छह साल पहले पाकिस्तान से आतंकवादियों ने हमारी सीमा में घुसकर रात में कायरतापूर्ण हमला कर हमारे वीर जवानों को मार डाला था। प्रधानमंत्री जी (नरेंद्र मोदी) ने बैठक बुलाई और 10 मिनट में फैसला हो गया। इसके बाद देश ने देखा कि हमारी बहादुर सेना के जवानों ने न केवल सीमा के इस पार के आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने में सफलता हासिल की, बल्कि जरूरत पड़ने पर वे दूसरी ओर भी घुस गए और उनका सफाया कर दिया। सिंह ने कहा, यह भारत का चरित्र है कि उसने कभी किसी दूसरे देश की एक इंच भी भूमि पर अतिक्रमण नहीं किया और न ही किसी दूसरे देश पर आक्रमण किया। लेकिन हमारा संकल्प है कि हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, लेकिन किसी ने हमें छेड़ दिया, तब हम छोड़ेंगे नहीं। रक्षा मंत्री ने रैलियों के दौरान राज्य में कथित घोटालों को लेकर भूपेश बघेल नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस सरकार ने राज्य में एक भी विकास कार्य नहीं किया है।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### शुभ दीपावली

सम्पूर्ण भारतवर्ष में,
शुभ जगमगाहट है।
यहां प्रत्येक जन के अधर पर,
अब खिलखिलाहट है।
दिखी पुर वीथियों में हिंद के,
नव सुगबुगाहट है।
लगा ऐसा कि शायद,
राम युग की पुनः आहट है।।


दीपोत्सव के सुअवसर पर आपके लिए
लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
दक्षिण भारत राष्ट्रमत की ओर से



आज के अंक के साथ प्राप्त करें पूजा का 'लक्ष्मी पाना'

अपने अखबार वितरक (हॉकर) से आज रविवार 12 नवम्बर, 2023 के अंक के साथ लेना न भूलें। अपने मित्रों-परिचितों के लिए भी यदि आपको लक्ष्मी पाना चाहिए हो तो हमारे कार्यालय में अपने आदमी को भेजकर मंगवा सकते हैं ×

शुभ दीपोत्सव
दक्षिण भारत का हिंदी दैनिक
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
चेन्नई कार्यालय पता Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai - 03.

## आमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के राजस्थान परिषद के अध्यक्ष ललित सेठिया, उपाध्यक्ष संजय बैद, मंत्री विनय बैद, सहमंत्री राजेश भंसाली, कोषाध्यक्ष पंकज बैद, संगठन मंत्री राजेश छाजेड़ ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचडी कुमारास्वामी से उनके जेपीनगर निवास पर मुलाकात कर उन्हें 26 नवम्बर को आयोजित परिषद के होली स्नेह मिलन में मुख्य अतिथि बनने का निवेदन दिया। कुमारस्वामी ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए खुशी जताई।



# अग्रवाल महिलाओं ने दीपावली के मौके पर की मानवसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय अग्रवाल महिला मंडल ने चामराजपेट स्थित सेंट टेरेसा स्कूल सेंट मैरी चिल्ड्रन होम में वंचित बच्चों के साथ दीपावली मनाई। सदस्याओं ने बच्चों के साथ समय बिताया तथा पटाखे फोड़ कर दीपावली मनाई। सभी बच्चों व कर्मचारियों को भोजन कराया तथा उन्हें जरुरत के हिसाब से आवश्यक सामग्री भेंट की। इस मौके पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीरप्रसाद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संजय तायल, अनिल अग्रवाल के साथ महिला मंडल अध्यक्षा अंजु अग्रवाल, सचिव नीरू तायल, पुष्पा अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, कविता तायल, नेहा अग्रवाल, ललिता गोयल, विनीता गुप्ता, सीमा गोयनका आदि ने मानवसेवा में भाग लिया।

## फैंसी ड्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



हुब्बल्ली के शांतिनिकेतन अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शनिवार को बाल दिवस के मौके पर फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न रुप व फैन्सी ड्रेस पहनकर अपनी अपनी प्रस्तुति दी। संस्था के अध्यक्ष भवरलाल जैन, उपाध्यक्ष महेन्द्रकुमार पालगोता,स्कूल की प्रधानाचार्या डा. कैथरीन दिनेश आदि की उपस्थिति में विजेता बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

# छात्रावास की लड़कियों के यौन शोषण के आरोप में तीन गिरफ्तार


**चिक्कमगलूरु।** एक चौंकाने वाली घटना में, कर्नाटक के चिक्कमगलूरु जिले में पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के बाद नौकरी पाने के बहाने एक सरकार संचालित छात्रावास में नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण किया गया। शनिवार को इसकी रिपोर्ट की गई। पुलिस ने घोटाले के सिलसिले में एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपियों ने गिरोह बनाकर कई नर्सिंग छात्राओं का शोषण किया था।

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान आवासीय आवास के डी समूह कार्यकर्ता सुरेश, एक महिला नर्स चंदना और उसके प्रेमी विनय के रूप में की गई है। यह घटना कदुर पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई थी। जांच से पता चला है कि पीड़ितों को पेय और भोजन में नशीला पदार्थ दिया जाता था और बाद में उनका यौन शोषण किया जाता था।

पुलिस ने बताया कि सुरेश ने हॉस्टल की लड़कियों को पैरामेडिकल कोर्स में दाखिला दिलाने का लालच दिया। उसने उन्हें विश्वास दिलाया कि परीक्षा के बाद उन्हें नौकरी मिल जाएगी। लड़कियों को समझाने के बाद वह उनके माता-पिता से भी बात करते थे और उन्हें विश्वास में लेते थे कि उनकी बेटियों को नौकरी मिलेगी। सुरेश उन्हें चंदना के पास भेजता था, जो स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में काम करती है।

वह लड़कियों को स्वास्थ्य केंद्र में रुकवाती थी और उन्हें नशीली दवाएं मिलाकर पेय और भोजन देती थी। एक बार जब लड़कियां बेहोश हो जातीं, तो चंदना का प्रेमी विनय उनका यौन शोषण करता था। जिन अभिभावकों को इस घोटाले के बारे में पता चला, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से इस संबंध में कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया है। जांच जारी है।

## सहज स्मृति योग



**व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।**

**प्रश्न:** गुरुजी, हम सत् को कैसे जानें? कैसे जानें कि किसी व्यक्ति में गुरु-चैतन्य विद्यमान है ? या किस व्यक्ति में सत् प्रकट रूप में वर्तमान है ? क्योंकि जब तक हम जानेंगे ही नहीं कि किसके संग में सत् प्राप्त होगा हमें, तो हमारा सत्संग ही कैसे होगा किसी के साथ?

**उत्तर:** बिना स्वयं के त्रिविध आचरण और व्यवहार में प्राणपण से सत् स्वरूप हुए, उस व्यक्ति के निकट जाते ही, जिसमें कि गुरु तत्व प्रकट हो, अपने ज्ञान से तो हम नहीं जान सकते क्योंकि, गुरु तत्व, एक साथ ही सर्वव्यापी और सर्वथा गोपनीय है। पर, अपनी ओर से पूरी तैयारी करके जो पहुँचें वे समीप जाने पर पहचान तो पाते हैं। पर, भले ही गुरु को हम बिना उनकी दृष्टि पाए जान नहीं सकते किंतु निरंतर अभ्यास सत्संग से हम उन्हें अनवरत जानते तो निस्संदेह रह ही सकते हैं। अवसर आने पर हमारा यह जानना एक ऐसी सीमा पार कर जाता है कि उनके लौकिक संग से ही उनके पार लौकिक चैतन्य विस्तार की सीमा में साधक के रूप में हमारा चैतन्य अलौकिक प्रवेश पा जाता है। संक्षेप में गुरु की पहचान यही है कि गुरुदृष्टि में कोई दूसरा नहीं होता उस तात्त्विक दृष्टि में सब आत्म या अपना या आप ही होता है। परंतु यह अनुभूति हमारे स्वयं उस अवस्था तक पहुँचे बिना कैसे संभव हो ?

# ओडिशा के पुरी मंदिर में 'कुप्रबंधन' के खिलाफ कांग्रेस ने की 'तुलसी यात्रा' की घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में विपक्षी कांग्रेस ने घोषणा की है कि वह 'तुलसी यात्रा' निकालेगी, जिसमें राज्य के 314 प्रखंडों में घरों से तुलसी के पत्ते एकत्र किए जाएंगे और पुरी स्थित 12वीं सदी के मंदिर में कथित कुप्रबंधन के विरोध स्वरूप भगवान जगन्नाथ को चढ़ाए जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शरत पटनायक ने कहा कि शुक्रवार को मंदिर में भारी भीड़ के कारण 10 श्रद्धालुओं के बेहोश होने की घटना के कुछ घंटे बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि साल में इस समय बड़ी संख्या में लोग मंदिर आते हैं क्योंकि यह 'कार्तिक' का पवित्र महीना है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को मंदिर में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि प्रशासन ने चार में से तीन द्वार बंद कर दिए हैं और केवल 'सिंह द्वार' से प्रवेश की अनुमति है।

पटनायक ने कहा, हम भगदड़ जैसी बड़ी दुर्घटनाओं से बचने के लिए सभी द्वार खोलने की मांग करते हैं, क्योंकि कार्तिक के आखिरी पांच दिनों - 'पंचुका' के दौरान अधिक श्रद्धालु मंदिर आएंगे। उन्होंने कहा कि तुलसी 'यात्रा' की तारीख जल्द ही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 314 प्रखंडों में घरों से तुलसी के पत्ते एकत्र किए जाएंगे तथा उन्हें यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में लाया जाएगा और वहां से पवित्र पत्तों को पुरी ले जाया जाएगा एवं भगवान जगन्नाथ को चढ़ाया जाएगा।

# मुस्लिमों के लिए जो मेरे पिता ने किया उससे बेहतर मैं करूंगा : रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**विजयवाड़ा/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस.जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि वह मुस्लिमों के कल्याण के लिए अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी से बेहतर काम करेंगे। यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, मुस्लिमों के कल्याण के लिए अगर मेरे पिता ने एक कदम उठाया तो मैं गर्व के साथ दो कदम उठाऊंगा।

यह रैली राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी जिसे आंध्र प्रदेश में अल्पसंख्यक कल्याण दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने रेखांकित किया कि 2019 में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद से राजनीतिक, आर्थिक, महिला सशक्तीकरण और कई अन्य क्षेत्रों सहित मुस्लिम समुदाय में कई बड़े बदलाव हुए हैं। मुख्यमंत्री ने समुदाय से आह्वान किया कि वह उनकी सरकार और एन चंद्रबाबू नायडू नीत पूर्ववर्ती तेदेपा सरकार के बीच के अंतर को देखें। रेड्डी ने कहा कि पूर्व मुख्यंत्री नायडू का इतना जिगर भी नहीं था कि वह मुस्लिम नेता को मंत्री तक बनाएं जबकि मौजूदा सरकार में उन्होंने मुस्लिम को उप मुख्यमंत्री बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पहले शिक्षा मंत्री ने कई प्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों की स्थपना की और इस दिवस को 2008 में उनके पिता राजशेखर रेड्डी ने राज्य में अल्पसंख्यक कल्याण दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की।

## मिठाई मेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के विजयनगर आरपीसी लेआऊट स्थित गजानंद स्वीट में दीपावली के मौके पर मिठाई मेले का आयोजन किया गया। प्रतिष्ठान के संपत गुगलिया ने बताया कि इस मेले में उन्होंने अनेक प्रकार की मिठाइयां और नमकीनों का प्रदर्शन किया है ताकि ग्राहकों को खरीददारी में सहुलियत हो सके।

# छत्तीसगढ़ : भ्रष्टाचार को लेकर राजनाथ का कांग्रेस सरकार पर हमला, कहा- हीरो नहीं जीरो है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सीतापुर(छत्तीसगढ़)/भाषा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य सरकार में हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके लोग कहते हैं कि हम ही हीरो हैं, यह हीरो नहीं जीरो हैं और उन्हें विदा करने का समय आ गया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर तीन से चार वर्ष के भीतर वामपंथी उग्रवाद को यहां से समाप्त कर दिया जाएगा।

सिंह ने सीतापुर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, जब से राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व में भूपेश बघेल की सरकार आई है तब से राज्य में भ्रष्टाचार इस सीमा तक बढ़ गया है कि 30 टका सीधे-सीधे ऊपर जाता है। यहां जिसे मिलता है केवल खाता है..ऐसी भूखी और भ्रष्ट सरकार आपने कभी देखी नहीं होगी। मैं आपसे सवाल करूं कि इनका रिपोर्ट कार्ड क्या है, तो आप लिख कर देंगे की जीरो बटा सन्नाटा। अच्छी सरकार देने में यह जीरो हैं, विकास करने में भी जीरो हैं, फिर भी कांग्रेस के लोग कहते हैं कि हम ही हीरो हैं। यह हीरो नहीं जीरो हैं। अब समय आ गया है कि इस कांग्रेस की सरकार को विदा कीजिए। रक्षा मंत्री ने राज्य में वामपंथी उग्रवाद को लेकर कहा कि पूर्व रमन सिंह की सरकार में यह समस्या काबू में थी लेकिन कांग्रेस शासन में वामपंथी उग्रवाद तेजी के साथ बढ़ा है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने आजाद, कृपलानी को श्रद्धांजलि दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी आचार्य कृपलानी और मौलाना अबुल कलाम आजाद को शनिवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और समाजवादी नेता कृपलानी को मोदी ने उपनिवेशवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के सच्चे प्रकाशस्तंभ के रूप में याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, लोकतंत्र और सामाजिक समानता को मजबूत करने के लिए कृपलानी के अथक परिश्रम ने हमारे देश के ताने-बाने पर एक स्थाई छाप छोड़ी। उनका जीवन और कार्य स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों को कायम रखने के लिए हमेशा समर्पित था। वहीं, मौलाना अबुल आजाद को याद करते हुए मोदी ने स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री को प्रकांड विद्वान और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का स्तंभ बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शिक्षा के प्रति मौलाना अबुल आजाद की प्रतिबद्धता सराहनीय थी। आधुनिक भारत को आकार देने में उनके प्रयास कई लोगों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

# तेलुगु अभिनेता चंद्र मोहन का निधन



**हैदराबाद/भाषा।** तेलुगु फिल्म उद्योग के जाने माने अभिनेता चंद्र मोहन का खराब स्वास्थ्य के कारण शनिवार को निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। चंद्रमोहन ने पांच दशक से अधिक समय तक फिल्मों में विभिन्न किरदार निभाए। चंद्र मोहन का स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि चिकित्सकों ने लगभग 10 बजे चंद्रमोहन के निधन की पुष्टि की।

वर्ष 1966 में 'रंगुला रत्नम' से अपने करियर की शुरुआत करने वाले चंद्र मोहन ने लगभग 600 फिल्मों में काम किया। उनकी कुछ यादगार फिल्मों में 'सुभोदयम, सिरिसिरी मुव्वा, संकराभरणम, सीतामलक्ष्मी, अल्लूरी सीताराम राजू, अखारी पोरतम' और 'नुव्वु नाकु नाचव' शामिल हैं।



# जम्मू-कश्मीर : डल झील में शिकारे में लगी आग से झुलसकर तीन विदेशी पर्यटकों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन स्थल डल झील में शनिवार तड़के एक शिकारे (हाउसबोट) में भीषण आग लग जाने से तीन विदेशी पर्यटकों की मौत हो गई। माना जा रहा है कि ये तीनों बांग्लादेश के थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डल झील के घाट संख्या नौ के पास जलकर खाक हुए इस शिकारे से इन पर्यटकों के शव मिले हैं जो इतना जल चुके हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर पर्यटकों के लिए यह लोकप्रिय स्थल है।

अधिकारियों के अनुसार, डल झील में लगी भीषण आग में पांच हाउसबोट और उनसे जुड़ी इतनी ही झोपड़ियां जल गईं। उन्होंने बताया कि आग लगने की वजह फिलहाल पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि तड़के उष्मासंबंधी उपकरण में गड़बड़ी की वजह से एक हाउसबोट में आग लग गई। उन्होंने बताया कि जान गंवाने वालों की पहचान स्थापित करने के लिए उनके डीएनए नमूने लिए गए हैं। उनके अनुसार हाउसबोट संचालकों द्वारा रखे जा रहे रिकार्ड के मुताबिक माना जा रहा है कि वे बांग्लादेश के थे और उनमें एक महिला थी।

अधिकारियों ने बताया कि जान गंवाने वालों के डीएनए का उनके परिवार के सदस्यों के साथ मिलान किया जाएगा और फिर उनके शव उन्हें सौंपे जायेंगे। उन्होंने बताया कि आग सुबह करीब सवा पांच बजे लगी जिसमें करोड़ों रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों, अग्निशमन कर्मियों और आपात सेवा के कर्मियों की कोशिश से आग पर काबू पाया जा सका।

डल और निगीन झीलों में

# आठ हेलिकॉप्टरों ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में मतदान कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए भरीं 404 उड़ानें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में मतदान दलों को तैनात करने और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए भारतीय वायु सेना के आठ एमआई17 हेलीकॉप्टरों ने छह दिनों में 404 उड़ानें भरीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार की घोषणा और कुछ नक्सली घटनाओं को छोड़कर आमतौर मतदान शांतिपूर्ण रहा, जिसमें वायुसेना ने बड़ी भूमिका निभाई।

बस्तर संभाग के 12 विधानसभा क्षेत्रों समेत 20 सीटों पर सात नवंबर को मतदान हुआ। अन्य 70 सीटों पर 17 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण में 78 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 'एक्स' पर बताया, सभी चुनौतियों को पार करते हुए, भारतीय वायु सेना ने आठ एमआई 17 के साथ 404 उड़ानें भरी, 853 मतदान दल के सदस्यों को 43 स्थानों से सुरक्षित रूप से पहुंचाया, जिससे कठिन वामपंथी प्रभावित क्षेत्र में एक सफल चुनावी प्रक्रिया संभव हो सकी। भारतीय वायु सेना को सलाम। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि सात नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान के लिए चार से छह नवंबर तक बस्तर संभाग के पांच जिलों सुकमा, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर के 156 मतदान केंद्रों के लिए 860 से अधिक मतदान दल के सदस्यों को एमआई-17 हेलीकॉप्टर के माध्यम से भेजा गया था।




## श्री महालक्ष्मी दीपोत्सव

बेंगलूरु। दीपावली शुभ पर्व कार्तिक वदी 14 रविवार को है। श्री महालक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त समय इस प्रकार है।

**गादी स्थापना –**

प्रातः ब्रह्म मुहूर्त 4.30 बजे से 6.16 बजे तक व दिन में 7.43 बजे से 12.26 बजे तक चर–लाभ–अमृत व अभिजीत मुहूर्त।

**श्री महालक्ष्मी पूजन –**

स्थिर लग्न: वृषभ लग्न सांयकाल 6.00 बजे से 7.57 बजे तक, सिंह लग्न मध्य रात्रि 12.28 बजे से 2.43 बजे तक।

दिन में पूजा के लिए स्थिर लग्न प्रातः वृश्चिक लग्न 7.20 बजे से 9.37 बजे तक, दिन में कुम्भ लग्न 1.24 बजे से 2.55 बजे तक।

चौघड़िया अनुसार पूजा मुहूर्त दिन में 9.10 बजे से 12.03 बजे तक लाभ–अमृत वेला, 11.40 बजे से 12.26 बजे तक अभिजीत मुहूर्त, व 1.30 बजे से 2.57 बजे तक शुभ वेला, सायंकाल 6.00 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक गोधूलिक प्रदोष व शुभ–अमृत–चल वेला, मध्य रात्रि 1.37 बजे से 3.00 बजे तक लाभ वेला।

**बही खाता में मेल देने हेतु –**

कार्तिक सुदी 1 मंगलवार दिनांक 14 नवम्बर समय दिन में 10.37 बजे से 1.30 बजे तक लाभ–अमृत वेला।

■ पं.जगदीश आचार्य, मोबाइल : 9448417398

# दीपावली पर अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए दक्षिण रेलवे की विशेष पहल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** इस त्योहारी सीज़न में यात्रा करने वाले यात्रियों की सेवा के लिए कुल 114 विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जा रही हैं, जिनमें से 76 दीपावली विशेष रेल सेवाएँ दक्षिण रेलवे और 38 अन्य ज़ोन विशेष हैं।

पहली बार, दक्षिण रेलवे त्योहार के लिए घर जाने वाले यात्रियों को समय पर और आराम से पहुंचाने के लिए चेन्नई और तिरुनेलवेली के बीच वंदे भारत दीपावली स्पेशल का संचालन करता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ट्रेनें समय पर गंतव्य तक पहुंच रही हैं, कई लोकप्रिय ट्रेनों के साथ–साथ नियमित और दीपावली विशेष ट्रेनों की समय की पाबंदी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

Southern Railway

दक्षिण रेलवे दीपावली सीजन के दौरान बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विशेष उपाय कर रहा है। अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने और अपने गृहनगर जाने वाले यात्रियों के लिए यात्रा की सुविधा के लिए, रेलवे 12 क्षेत्रों में 76 से अधिक विशेष ट्रेन सेवाओं का संचालन कर रहा है। इनमें चेन्नई/तांबरम से तिरुनेलवेली/नागरकोइल, चेन्नई से कोयंबटूर/मंगलूरु और कोचुवेली से एसएमवीटी बेंगलूरु को जोड़ने वाले मार्ग शामिल हैं। एक उल्लेखनीय कदम में, दक्षिणी रेलवे ने चेन्नई एग्मोर और तिरुनेलवेली के बीच चलने वाली वंदे भारत दीपावली स्पेशल शुरू की है, जो अंतिम समय की यात्रा की योजना बना रहे यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक विकल्प प्रदान करती है।

**एसआर दीपावली स्पेशल की समय की पाबंदी :** दीपावली सीजन के दौरान समय पर यात्रा सुनिश्चित करने के लिए नियमित और विशेष दोनों ट्रेनों की समयपालन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। विशेष रूप से, कई दीपावली विशेष ट्रेनें 10 नवम्बर को चलीं, जैसे ट्रेन नंबर 06061 तांबरम – नागरकोइल एसएफ स्पेशल, ट्रेन नंबर 06064 तांबरम – मंगलूरु जंक्शन दीपावली स्पेशल, ट्रेन नंबर 06001 चेन्नई एग्मोर – तूतीकोरिन एसएफ दीपावली स्पेशल ट्रेनें, 100 प्रतिशत समय की पाबंदी बनाए रखते हुए, निर्धारित समय पर अपने गंतव्य पर पहुंचे। इसके अलावा, तिरुनेलवेली और चेन्नई एग्मोर के बीच वंदे भारत दीपावली विशेष सेवाओं (टी.नंबर 06055/06056) ने भी बिना किसी देरी के समय की पाबंदी बनाए रखी।



# तिरुपत्तूर जिले में दो बस की टक्कर में पांच लोगों की मौत, 60 घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वानियमवाड़ी।** तमिलनाडु में चेन्नई–बेंगलूरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार तड़के परिवहन निगम की एक बस और एक ओमनी बस की आमने–सामने की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और लगभग 60 अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि टक्कर में दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लगभग दस एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

अधिकारी के मुताबिक बेंगलूरु से चेन्नई जा रही राज्य एक्सप्रेस परिवहन निगम की बस वानियमबाडी के पास चेट्टियाप्पनूर में चेन्नई से बेंगलूरु जा रही ओमनी बस से टकरा गई, इस दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गुडुवनचेरी की रितिका (32), वानीयंबाडी के मोहम्मद फिरोज (37), एसईटीसी बस चालक के एलुमलाई (47) और चित्तूर के बी अजित (25) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ओमनी बस के चालक एन सैयद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारी ने कहा, 'हादसा तड़के करीब चार बजे हुआ। एसईटीसी बस डिवाइडर से लड़ने के बाद ओमनी बस से टकरा गई, जिससे दोनों वाहनों में सवार पांच लोगों की मौत हो गई।' उन्होंने बताया कि घायलों को तिरुपत्तूर जिले के वानीयंबाडी सरकारी अस्पताल और वेल्लोर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# आदिवासी गांवों और ईशा स्वयंसेवकों ने मिलकर मनाया जश्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** ईशा योग केंद्र के आसपास के विभिन्न गांवों के आदिवासी लोग रविवार को दिवाली मनाने के लिए आदियोगी में शामिल होंगे। धनिकंडी, मदाकाडु, मुल्लांगडु, पट्टियार कोविलपति, नल्लूर पथी, सिंगमपट्टी, सादिवायलपति गांववासियों और उनके परिवार सहित कई गांवों के लोग शामिल होंगे।

इस अवसर का जश्न मनाने के लिए ग्रामीण शाम करीब 4 बजे सरपा वासल से अपने प्रसाद के साथ एक जुलूस शुरू करेंगे और आदियोगी की ओर चलेंगे। योगेश्वर लिंग और सप्तऋषियों के प्रति भक्ति दिखाने के लिए, वे आरती और विभिन्न फल और फूल चढ़ाएंगे। उत्सव की धूम के साथ, उत्सव में आदिवासी लोगों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक संगीत और नृत्य कार्यक्रम शामिल होगा। इन समारोहों में बड़ी संख्या में ईशा स्वयंसेवक भी भाग लेंगे।

ईशा की ओर से धनिकंडी, मदाकाडु, मुल्लांगडु और पट्टियार कोविलपट्टी गांवों के सैकड़ों बच्चों को मुफ्त कपड़े वितरित किए गए। इसके अलावा ईशा योग केंद्र से लेकर इरुतुपल्लम तक 30 से अधिक गांवों में रहने वाले लोगों के घर–घर जाकर ईशा स्वयंसेवक दिवाली की शुभकामनाएं दी और मिठाइयां बांटी और कल भी बांटेंगे।

# मंत्री के बेटे और पोते को उपद्रवियों ने कथित तौर पर पीटा

## सिनेमाघर में हंगामे का विरोध करने पर कर दी पिटाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राजस्व मंत्री के.के.एस.एस.आर.रामचंद्र के बेटे और पोते की यहां के सिनेमाघर में हंगामे का विरोध करने पर उपद्रवियों के एक समूह ने कथित तौर पर पिटाई कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की रात यहां टी नगर के एक सिनेमाघर में फिल्म देखने के दौरान अनुचित व्यवहार पर सवाल उठाने पर अनियंत्रित समूह ने राज्य के राजस्व मंत्री रामचंद्रन के बेटे और पोते के साथ झगड़ा किया। पुलिस ने बताया कि मंत्री के बेटे रमेश ने पीछे बैठे छह लोगों से जब उनके व्यवहार को लेकर आपत्ति जताई तो वे भड़क गये। उन्होंने अचानक रमेश और उसके बेटे पर हमला कर दिया और घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक रमेश और उनके बेटे को घायल अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तेयिनामपेट पुलिस थाने में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है और पुलिस आरोपियों की धर–पकड़ में जुटी है।

# तमिलनाडु राजभवन पेट्रोल बम प्रकरण के आरोपी पर लगाया गया गुंडा कानून

**चेन्नई।** राजभवन पेट्रोल बम प्रकरण के आरोपी करूक्का विनोद को गुंडा कानून के तहत हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। विनोद (42) हिस्ट्री शीटर है एवं फिलहाल 25 अक्टूबर के पेट्रोल बम मामले के सिलसिले में पुझल केंद्रीय कारागार में है। अब उसे कठोर प्रावधानों वाले गुंडा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया है। इस कानून के तहत उसे एक साल तक की सजा हो सकती है।

पुलिस ने बताया कि पुलिस आयुक्त संदीप राय द्वारा हिरासत आदेश जारी किये जाने के बाद 10 नवंबर को विनोद पर गुंडा कानून लगाया गया था। विनोद दर्जनों मामलों का सामना कर रहा है जिनमें एक मामला यहां प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर पिछले साल पेट्रोल बम फेंकने से जुड़ा है।

इकत्तीस अक्टूबर को चेन्नई पुलिस भाजपा कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में विनोद को मिली जमानत को रद्द कराने के लिए सत्र अदालत पहुंची थी। पुलिस ने अदालत से कहा था कि आरोपी ने जमानत की शर्तों का अनुपालन नहीं किया।

पुलिस के मुताबिक जमानत पर जेल से छूटने के बाद उसने 25 अक्टूबर पर राजभवन (राज्यपाल निवास) के मुख्य द्वार के समीप पेट्रोल बम फेंका था और उसे गिरफ्तार किया गया था।

# विजयेंद्रा को कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की उम्मीद नहीं थी : येड्डीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस येड्डीयुरप्पा ने शनिवार को कहा कि उन्हें इसकी जरा भी उम्मीद नहीं थी कि उनके बेटे बी वाई विजयेंद्र को पार्टी की कर्नाटक इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा और उन्होंने नयी दिल्ली में पार्टी के नेतृत्व से इसके लिए कभी नहीं कहा। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येड्डीयुरप्पा ने विश्वास व्यक्त किया कि विजयेन्द्र संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी में सभी को साथ लेकर चलेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आगामी चुनावों के दौरान भाजपा राज्य की 28 लोकसभा सीटों में से 25 से अधिक सीटें जीते। विजयेन्द्र को प्रदेश इकाई का अध्यक्ष बनाए जाने के संबंध में एक सवाल के उत्तर में येड्डीयुरप्पा ने कहा, हममें से किसी ने उम्मीद नहीं की थी, आप विश्वास करें या नहीं मैंने दिल्ली में किसी से कभी भी विजयेंद्र को पार्टी की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष बनाने के लिए नहीं कहा। आप किसी से भी पूछ सकते हैं।



येड्डीयुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने अंतिम निर्णय लिया, मेरी कोई भूमिका नहीं थी। भाजपा ने शुक्रवार को येड्डीयुरप्पा के छोटे बेटे विजयेंद्र को अपनी प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अब तक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष थे।येड्डीयुरप्पा के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखे जाने वाले विजयेंद्र (47) की नियुक्ति के साथ ही कई महीनों से लग रही अटकलों पर विराम लग गया। नलिन कुमार कटील की जगह लेने वाले विधायक विजयेंद्र को कुशल संगठनात्मक नेता माना जाता है। कटील ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदाय से आते हैं।

येड्डीयुरप्पा ने कहा, हम आने वाले दिनों में राज्य भर का दौरा करेंगे, हमारा लक्ष्य आगामी लोकसभा चुनाव है। 25 से अधिक सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ हमने पहले ही काम शुरू कर दिया है। मैं राज्य भर में दौरे करूंगा। वह (विजयेंद्र) भी अलग से दौरे करेंगे। हम सब मिलकर अधिक लोकसभा सीटें जीतने के लिए काम करेंगे, ऐसे समय में जब नरेन्द्र मोदी जैसा नेता प्रधानमंत्री है, हमें कर्नाटक से 25 से कम सीटें नहीं मिलनी चाहिए।

कांग्रेस द्वारा विजयेंद्र की नियुक्ति को भाजपा में 'वंशवाद की राजनीति' का सबूत करार दिए जाने के सवाल पर येड्डीयुरप्पा ने कहा, उन्हें ऐसे आरोप लगाने दीजिए, कोई मसला नहीं...।''



## केजीएफ में औद्योगिक टाउनशिप

# कोलार-चिक्कबल्लापुर दुग्ध महामंडल को पहले की तरह अलग करने की मंजूरी : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलार (बंगारपेट)। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि मौजूदा बजट में केजीएफ में 965 उद्योग क्षेत्र को बीईएमएल से वापस लिया जाएगा और वहां एक नई औद्योगिक टाउनशिप बनाई जाएगी। वह शनिवार को कोलार और बंगारपेट तालुकों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए यारागोल परियोजना और जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने और उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले से अलग रहे कोलार–चिक्कबल्लापुर दुग्ध संघ का विलय कर दिया गया था। अब कोलार और चिक्कबल्लापुर जिलों को अलग–अलग डेयरियां स्थापित करने की मंजूरी दी गई है। दो माह तक हर माह बिजली बिल का भुगतान किया गया। इससे बचने के लिए 50 एकड़ जमीन में खुद की बिजली बनाने के लिए सोलर यूनिट लगाने का लाइसेंस दिया गया है। उन्होंने कहा कि कोलार दुग्ध संघ से किसानों को लाभ होगा।सूखे के बावजूद हमने जिले के विकास के लिए 2263 करोड़ रुपये दिये हैं। मुख्यमंत्री ने परियोजना में योगदान देने वाले और मंत्री के रूप में केएच मुनियप्पा के कार्यकाल के दौरान 83 करोड़ रुपये मंजूर करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि एक समय ऐसी स्थिति थी कि कोलार और बंगारपेट में पीने का पानी टैंकरों से उपलब्ध कराया जाता था। पीने का पानी उपलब्ध नहीं था। यही सोचकर पानी को संग्रहित करने और तीन शहरों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए यारागोल गांव के पास मार्कंडेय नदी पर एक बांध बनाने की योजना बनाई गई। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री श्रीनिवास गौड़ा के योगदान को याद किया जाना चाहिए क्योंकि आज इसे क्रियान्वित किया जा रहा है। शिक्षक चंद्रप्पा, नारायणस्वामी को याद किया जाना चाहिए हालाँकि यारागोल परियोजना 2006 में शुरू की गई थी, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया था।

रमेश कुमार, नांजेगौड़ा, नारायणस्वामी, केएच मुनियप्पा, कृष्णा बायरेगौड़ा, ये सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि केसी वैली बननी चाहिए, झीलें भरनी चाहिए। यारागोलू प्रोजेक्ट की लागत 23 हजार करोड़ रुपये है। कोलार, चित्रदुर्गा सूखाग्रस्त जिले हैं। देश में राजस्थान के अलावा कर्नाटक सर्वाधिक सूखाग्रस्त राज्य है। यह जनता ही है जिसने इस बात पर जोर दिया कि हमें एटिनहोल परियोजना को लागू करना चाहिए, जिसने एच.एन. वैली, के. वैली, पुष्पावती वैली को लागू किया। यह वादा किया गया था कि यदि परियोजना सफल रही तो लागत की परवाह किए बिना परियोजना को लागू किया जाएगा। कोलार में फल, सब्जियाँ और रेशम उगाया जाता है क्योंकि झीलें भरी हुई हैं। एक समय था जब 1200 फीट तक खुदाई करने पर भी पानी नहीं मिलता था। इसलिए उनकी मांग है कि पानी भरवाया जाए और भूजल स्तर बढ़ाया जाए।

# तमिलनाडु सरकार ने निलंबित आईपीएस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के निलंबित अधिकारी बलवीर सिंह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है, जिन पर संदिग्ध अपराधियों और हिरासत में लिये गए लोगों के दांत चिमटी से उखाड़ने का आरोप है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

भारतीय पुलिस सेवा के 2020 बैच के अधिकारी सिंह तिरुनेलवेली जिले के अंबासमुद्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक (एसीपी) थे। इस साल मार्च में उनके खिलाफ संदिग्ध अपराधियों को प्रताड़ित करने के आरोप सामने आए थे, जिसके बाद मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उनके निलंबन का आदेश दिया। साथ ही अधिकारी के खिलाफ उच्च–स्तरीय जांच शुरू की गई।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि सिंह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी 10 नवंबर को दी गई। पुलिस ने बलवीर सिंह के खिलाफ चार मामलों की जांच पूरी कर ली है। सरकार ने सीबी–सीआईडी को सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने की अनुमति दे दी है।

# टीपू सुल्तान के अपमान वाले पोस्टर सामने आने के बाद तनाव

बेलगावी/दक्षिण भारत। कर्नाटक में बेलगावी जिले के चिकोडी टाउन में शनिवार को मैसूर के पूर्व शासक टीपू सुल्तान और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के राजाओं का अपमान करने वाले पोस्टर सामने आने के बाद तनाव पैदा हो गया। इस घटनाक्रम से इलाके में तनाव फैल गया और पुलिस विभाग ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने अपमानजनक पोस्टर व बैनर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर ऐसे पोस्टर साझा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। डिप्टी एसपी सीबी गौदर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।



# दपरे की 23 जोड़ी विशेष ट्रेनें दीपावली पर सफर को बनाएंगी सुविधाजनक

हुब्बली/दक्षिण भारत । दीपावली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) द्वारा मंगलूरु, बेलगावी, बीदर, हुब्बली, नई दिल्ली, भगत की कोठी, काजीपेट और अन्य स्थानों के लिए 23 जोड़ी विशेष ट्रेनों की योजना बनाई गई है और उनका संचालन किया जा रहा है। दक्षिण पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में सुपर–फास्ट, मेल / एक्सप्रेस ट्रेनों और पैसेंजर ट्रेनों का समय–पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी और समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जा रहे हैं। ज्यादातर ट्रेनें समय पर चल रही हैं और कुछ ट्रेनें समय से पहले ही गंतव्य तक पहुंच रही हैं।

दक्षिण पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक संजीव किशोर ने सभी तीन डिवीजनों यानी बेंगलूरु, हुब्बली और मैसूरु को ट्रेनों के समयबद्धता पहलू पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया है। इसके तहत नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे कार्यशील है। ट्रेन संचालन पर कड़ी नजर रखी जा रही है । दीपावली सीजन के दौरान समय पर यात्रा सुनिश्चित करने के लिए नियमित और विशेष दोनों ट्रेनों की समयपालन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। विशेष रूप से, कई दीपावली विशेष ट्रेनें 10 नवम्बर को चलीं, जैसे ट्रेन नंबर 06585 – सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल–बेलगावी, 07340 – केएसआर बेंगलूरु–एसएसएस हुब्बल्ली, 06546 – विजयपुरा–यशवंतपुर, 07377 – विजयपुरा–मंगलूरु जं., 07378 – मंगलूरु जं.–विजयपुरा, 06243 – केएसआर बेंगलूरु–होसपेटे, 06244 – होसपेटे–केएसआर बेंगलूरु।



# कर्नाटक के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को पूरे कर्नाटक में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। राज्य की राजधानी बेंगलूरु में भी भारी बारिश होगी। दक्षिण कन्नड़, उत्तर कन्नड़ और उडुप्पी के तटीय जिलों में गरज के साथ बारिश होने वाली है। मध्य कर्नाटक के जिलों दावणगेरे, चित्रदुर्ग, दक्षिण कर्नाटक के जिलों बेंगलुरु ग्रामीण, चामराजनगर, तुमकुरु, शिवमोग्गा, मंड्या, मैसूरु, चिक्काबल्लापुरा, हासन, कोडागु में बारिश होगी। उत्तरी कर्नाटक के बेलगावी, बीदर, धारवाड़, गदग, हावेरी, कोप्पल, विजयपुरा जिलों में बारिश होने की भविष्यवाणी है।

# चेन्नई हवाई अड्डे से ढाई करोड़ रुपये का सोना जब्त

**चेन्नई।** दुबई से शनिवार को यहां हवाई अड्डे पर पहुंचे एक यात्री के पास से 2.5 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया गया। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि करीब पांच किलोग्राम वजनी सोने को तार के रूप में छिपाया गया था। सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि भारतीय यात्री को गिरफ्तार करके आगे की जांच की जा रही है।



# पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा और चाकसू से पार्टी के पूर्व विधायक अशोक तंवर सहित कई अन्य नेता शनिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा के मीडिया सेंटर में यहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया।

पार्टी के एक बयान के अनुसार, इस अवसर पर जोशी ने कहा कि नारी की सुरक्षा करने में कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप से नाकाम रही है।

उन्होंने दौसा में एक बच्ची से दुष्कर्म की घटना का जिक्र करते हुए कहा, जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो सुरक्षा की उम्मीद किस से की जाएगी। जोशी ने कहा, राज्य में व्याप्त जंगलराज से आहत होकर कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे है। राज्य की 200 सदस्यीय विधानसभा के लिए 25 नवंबर को मतदान होना है। मतगणना तीन दिसंबर को होगी।



## एल्विश यादव से जुड़े सांप के जहर के नमूनों की जांच रिपोर्ट सात दिन बाद आएगी

जयपुर। यूट्यूबर एल्विश यादव से जुड़े सांप के जहर के मामले में उत्तर प्रदेश के नोएडा से जब्त किए गए जहर के नमूने परीक्षण के लिए जयपुर की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को प्राप्त हो गए हैं। जयपुर में फोरेंसिक प्रयोगशाला (एफएसएल) के निदेशक अजय शर्मा ने कहा कि नमूने कल प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला में नमूनों का परीक्षण किया जा रहा है और रिपोर्ट सात दिन बाद आएगी। यादव पर नोएडा पुलिस ने एक पार्टी में सांप के जहर की कथित आपूर्ति के सिलसिले में मामला दर्ज किया था।



# ध्रुवीकरण की राजनीति को ठुकराएगी राजस्थान की जनता : जयराम रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं सीबीआई जैसे केंद्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि राजस्थान उसकी ध्रुवीकरण की रणनीति को ठुकराएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य में अपनी सरकार द्वारा पांच साल में किए गए काम के आधार पर जनादेश मांग रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि अपने चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राजस्थान सरकार पर झूठे एवं बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस महासचिव (संचार) रमेश ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा,कांग्रेस के पास दो हथियार हैं एक- पिछले पांच साल में हमने राजस्थान में क्या काम किया और दो- अगले पांच साल में हम क्या करने वाले हैं। वहीं भाजपा के पास दो हथियार हैं। एक हथियार ईडी और सीबीआई है जिसका दुरुपयोग रोज हो रहा है, होता रहेगा .. दूसरा हथियार ध्रुवीकरण है। ध्रुवीकरण के अलावा इनके पास कोई रणनीति नहीं है।

रमेश ने कहा,तो चुनावों में हमारा प्रचार रहा कि पिछले पांच साल में हमने क्या किया और अगले पांच साल में हम क्या करने वाले हैं। भाजपा का प्रचार ईडी, सीबीआई एवं ध्रुवीकरण है। उन्होंने कहा,कर्नाटक की जनता ने इस ध्रुवीकरण की भाषा को नकारा है, राजस्थान की जनता भी यही जवाब देगी। हमें पूरा विश्वास है कि ईडी, सीबीआई केंद्रित एवं ध्रुवीकरण केंद्रित रणनीति राजस्थान की जनता ठुकराएगी और तीन दिसंबर को प्रधानमंत्री एवं उनके सहयोगियों को साफ पता चल जाएगा कि ऐसी रणनीति अब चलने वाली नहीं है।

प्रधानमंत्री द्वारा राज्य सरकार पर लगाये गये आरोपों पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, उन्होंने राजस्थान सरकार पर ऐसे आरोप लगाए हैं जो बिलकुल बेबुनियाद एवं बिलकुल झूठ हैं। मोदी ने बृहस्पतिवार को उदयपुर के पास एक चुनावी सभा में कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर हमला बोलते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार को आतंकियों से सहानुभूति रखने वाली सरकार बताया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी से, धमकी की राजनीति से, भय एवं प्रतिशोध की राजनीति से तंग आ चुकी है। राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा की 200 सीट के लिए मतदान है। मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

रमेश ने विश्वास जताया कि लोगों का भरोसा बरकरार रहेगा और राज्य में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि हम एकजुट होकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि इस बार, पहली बार उसी सरकार को फिर जनादेश में मिलेगा जो सत्ता में है।

# बच्ची से दुष्कर्म मामले में आरोपी उपनिरीक्षक गिरफ्तार, निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के दौसा जिले में एक बच्ची से कथित दुष्कर्म के मामले में आरोपी पुलिस उपनिरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे सेवा से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसके अनुसार पीड़िता के माता-पिता की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, पॉक्सो अधिनियम और अजा/जजा अधिनियम की सम्बद्ध धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी को सौंपी गई है। दौसा की पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया,आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी कर रहे हैं। पीड़ित लड़की का बयान दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि आरोपी उपनिरीक्षक को कल ही निलंबित कर दिया गया था और उसके दुराचरण की रिपोर्ट पुलिस महानिरीक्षक (जयपुर ग्रामीण) को भेज दी गई है और आगे की कार्रवाई उनके द्वारा की जाएगी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई है और उसकी हालत स्थिर है। पुलिस के मुताबिक लालसोट क्षेत्र में आरोपी उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह शुक्रवार दोपहर करीब चार वर्षीय पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने कमरे में ले गया और उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सम्बद्ध थाने का घेराव कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। स्थानीय लोगों द्वारा आरोपी उपनिरीक्षक की पिटाई का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। लोगों ने आरोपी को सड़क पर घसीटा, उसे जूतों और डंडों से पीटा। भीड़ ने उसके कपड़े फाड़ दिए। भाजपा के सांसद किरोड़ी लाल मीणा भी कल पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए घटनास्थल पर गए थे। विपक्षी भाजपा नेताओं ने राज्य में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा है।

## राज्यपाल ने बच्ची से दुष्कर्म के मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

जयपुर/दक्षिण भारत। राज्यपाल कलराज मिश्र ने दौसा जिले में चार साल की एक बच्ची से कथित दुष्कर्म के मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने शनिवार को इस संबंध में पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा से फोन पर बात की। राजभवन के बयान के अनुसार राज्यपाल ने इस घटना से जुड़ी खबरों पर संज्ञान लेते हुए गहरा रोष जताया है। मिश्र ने शनिवार को पुलिस महानिदेशक से इस संबंध में फोन पर बात की। उन्होंने इस दौरान दोषी के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं पूरे समाज को शर्मसार करती हैं। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को कानून एवं आम जन की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने और इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी कार्रवाई करने की हिदायत दी। दौसा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र सिंह नेहरा ने शुक्रवार रात को बताया कि आरोपी उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने कमरे में ले गया और उससे दुष्कर्म किया।



# हमारी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखते हुए जनहितैषी योजनाएं लागू की : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने पांच साल के अपने कार्यकाल में हर वर्ग का ध्यान रखते हुए जनहितैषी योजनाएं लागू कीं। गहलोत ने विश्वास जताया कि जनता एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनाएगी। वह अपने चुनावी दौरे के तहत भोपालगढ़ (जोधपुर) में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। एक बयान के अनुसार गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान के हर वर्ग और हर परिवार को ध्यान में रखकर पांच साल तक जनहितैषी योजनाएं लागू की हैं।

उन्होंने दावा किया कि सभी जनप्रतिनिधियों और आमजन के सहयोग से धरातल पर उतरी इन योजनाओं की चर्चा आज पूरे देश में है तथा देश के विषय विशेषज्ञ लेख लिखकर योजनाओं की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने कहा,यही हमारी सामूहिक रूप से बड़ी उपलब्धि है। अब दिसम्बर, 2023 में फिर से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनाकर इन्हें और मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि जोधपुर सहित राजस्थान के चहुंमुखी विकास में सरकार ने किसी भी तरह की कमी नहीं रखी है तथा आमजन की राय से योजनाएं बनाकर हर घर को लाभ पहुंचाया ।

गहलोत ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बना रही है, फलस्वरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों को निरंतर मिलता रहेगा। राज्य में 200 विधानसभा सीट के लिए 25 नवंबर को मतदान है। मुख्यमंत्री ने बाद में लोहावट में भी जनसभा को संबोधित किया जहां उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पांच साल में विभिन्न योजनाओं के जरिए आमजन को महंगाई से राहत दिलाई। उन्होंने कहा कि उन्हें सामाजिक और आर्थिक सम्बल देने के लिए महंगाई राहत कैम्पों के जरिए 10 योजनाओं की गारंटियां देकर पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी प्रदेशवासियों को सात गारंटियां दे रही है, जिन्हें सरकार बनने के साथ ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सात गारंटियां तभी धरातल पर उतरेगी, जब आपके एक-एक वोट से कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से जीतकर सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस की सात गारंटी ही, कांग्रेस के वचन है। यह सभी गारंटी प्रदेश के प्रत्येक परिवार में पहुंचेगी।



# भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोली को चुनाव आयोग का नोटिस, 3 दिन में मांगा जवाब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। भरतपुर की वैर विभानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोली को अपने बड़बोलेपन का खामियाजा उठाना पड़ा है। बहादुर सिंह कोली को चुनाव आयोग ने नोटिस भेजकर 3 दिन में जवाब मांगा है। भरतपुर की वैर विभानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोली का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो कलेक्टर, एसपी, थानेदार और मुख्यमंत्री को पीटने की बात कर रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए नोटिस भेजकर उनसे तीन दिन में जवाब मांगा है। इस पर बहादुर सिंह कोली ने सफाई देते हुए कहा है कि पीटने से मेरा मतलब लात घूंसे से नहीं चुनाव में हराने से था।

बता दें कि यह वीडियो वैर विधानसभा क्षेत्र के गांव खेरला का है। भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोली 8 नवंबर को खेरला में गए थे। वहां सभा को संबोधित करते समय विवादित बातें कही थी। उन्होंने कहा था मैंने एसपी को पीटा, थानेदार को पीटा और मुख्यमंत्री को भी पीटा है। भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोहली के भाषण को आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए वैर के रिटर्निंग अधिकारी ललित मीणा ने नोटिस दिया है। नोटिस में लिखा है कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के खेर्रा गांव में सभा आयोजित की गई। जिसमें मुख्यमंत्री, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, जो कि आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इससे सामाजिक विद्वेष की भावना भड़कने, सौहार्द्र बिगड़ने की संभावना है, इसलिए बयान के संबंध में तीन दिन में जवाब पेश करें।

वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोली ने अपने वायरल वीडियो के बयान पर सफाई देते हुए कहा- प्रचार के दौरान कुछ गुर्जर भाई बोल रहे थे कि आप सुस्त मत रहो, हम ही पटक लेंगे। मैं चार चुनाव लड़ चुका हूं। मैंने सीएम को और डॉक्टर को भी हराया है। आईएएस को भी हराया है।

# पहली बार अपने ही गांव में मतदान कर पाएंगे शेरगांव के मतदाता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आबू-पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शेरगांव के मतदाता पहली बार अपने ही गांव में मतदान कर पाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि इस गांव के ग्रामीणों के मतदान के लिए चुनावकर्मी 18 किलोमीटर पैदल चलकर मतदान केंद्र तक पहुंचेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि सुगम और समावेशी मतदान के लिए निर्वाचन विभाग ने दुर्गम, दूरदराज तथा कम आबादी वाले इलाकों में भी मतदान केन्द्र बनाने की व्यवस्था की है। राज्य में दुर्गम पहाड़ी इलाकों से लेकर, बहुत कम आबादी वाले मरुस्थलीय क्षेत्र में भी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। गुप्ता ने बताया कि सिरोही जिले के आबू-पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 4921 फुट की ऊंचाई पर स्थित शेरगांव के मतदाता इस वर्ष पहली बार अपने ही गांव में मतदान कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनावकर्मी वक कर्मियों की मदद से घने जंगल में करीब 18 किलोमीटर तक पगडंडियों पर पैदल चल कर इस मतदान केन्द्र तक पहुंचेंगे।

उन्होंने कहा कि यहां 117 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया गया है। पहले शेरगांव के मतदाताओं को वोट देने के लिए दूरदराज के एक और उतरज गांव में स्थित मतदान केन्द्र तक जाना होता था। इस बार, उतरज गांव में 238 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब स्थित बाड़मेर के पार गांव में महज 35 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया जा रहा है। बाड़मेर जिले के ही एक अन्य गांव मंझोली में 49 मतदाताओं के लिए पहली बार मतदान केंद्र बनाया जा रहा है। इस बार इस गांव के मतदाताओं को वोट देने के लिए पांच किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा।

इसी तरह कांटल का पार गांव में 50 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया जा रहा है। एक बयान के अनुसार, जैसलमेर के मेनाउ मतदान केंद्र पर केवल 50 मतदाता हैं। मतदान के दिन वहां टेंट में एक अस्थायी बूथ स्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि धौलपुर जिले के बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र में काली तीर मतदान केन्द्र भी पहली बार बनाया जाएगा। डांग क्षेत्र में स्थित इस मतदान केन्द्र पर 682 मतदाता हैं। पहले यहां के मतदाताओं को 7.5 किलोमीटर दूर स्थित मतदान केंद्र पर जाना होता था।

## चुनाव प्रचार



जयपुर में शनिवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के खातीपुरा मण्डल के खातीपुरा चुनाव प्रचार करती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।

# कोई भी मतदाता मतदान केन्द्र तक पहुंच नहीं पाने के कारण मताधिकार से वंचित न रहे : प्रवीण गुप्ता

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान विधानसभा चुनाव- 2023 में सुगम और समावेशी मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश में दुर्गम, दूरदराज और कम आबादी वाले क्षेत्रों में भी निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि कोई भी मतदाता मतदान केन्द्र तक पहुंच नहीं पाने के कारण मताधिकार से वंचित न रहे, इस दिशा में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुर्गम पहाड़ी इलाकों से लेकर, बहुत कम आबादी वाले मरुस्थलीय क्षेत्र में भी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे।

गुप्ता ने बताया कि सिरोही जिले के आबू-पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 4921 फुट की ऊंचाई पर स्थित शेरगांव के मतदाता इस वर्ष पहली बार अपने ही गांव में मतदान कर पाएंगे। मतदान दल फोरेस्ट गार्ड की मदद से घने जंगल में करीब 18 किलोमीटर तक पगडंडियों पर पैदल चल कर इस मतदान केन्द्र तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यहां 117 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया गया है। पहले शेरगढ़ के मतदाताओं को वोट देने के लिए दूरदराज के एक और उतरज गांव में मतदान केन्द्र तक आना होता था। इस बार, उतरज गांव में 238 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाड़मेर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब स्थित बाड़मेर का पार गांव में महज 35 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया जा रहा है। बाड़मेर जिले के ही एक अन्य गांव मंझोली में 49 मतदाताओं के लिए पहली बार मतदान केंद्र बनाया जा रहा है। इस बार इस गांव के मतदाताओं को वोट देने के लिए पांच किमी दूर नहीं जाना पड़ेगा। कांटल का पार गांव में 50 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया जा रहा है।

# अयोध्या में 22 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित, एक जगह पर सबसे ज्यादा दीप जलाने का विश्व कीर्तिमान बना





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में शनिवार की शाम राम की पैड़ी पर 22 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए, जो 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' के मुताबिक विश्व कीर्तिमान है। एक आधिकारिक बयान में यह दावा किया गया है।

बयान में कहा गया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अयोध्या ने नया कीर्तिमान बनाते हुए दीपोत्सव 2023 में 22.23 लाख दीप प्रज्वलित किए। पिछले वर्ष 2022 में प्रज्वलित 15.76 लाख दीपों से इस बार यह संख्या लगभग छह लाख 47 हजार अधिक रही।

बयान के मुताबिक, ड्रोन से की गई दीपों की गणना के उपरांत दीपोत्सव ने नया कीर्तिमान 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज किया है।

दीप प्रज्वलन का नियत समय शुरू होते ही 'श्री राम जय राम जय जय राम' के जाप के साथ एक-एक कर 22.23 लाख दीप जलाए गए।

बयान में कहा गया कि 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' के प्रतिनिधियों द्वारा कीर्तिमान रचने की घोषणा के साथ ही पूरी अयोध्या 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से ड्रोन की गणना के उपरांत 'एग्जीक्यूटर' स्वप्निल दंगारीकर व 'कन्सल्टेंट' निश्चल बरोट द्वारा यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अयोध्या के प्रति प्रतिबद्धता ने एक बार फिर इस प्राचीन नगरी को वैश्विक रिकॉर्ड सूची में दर्ज कराया है।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस 'भव्य दीपोत्सव' को देखा और अंततः एक साथ एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलन को विश्व कीर्तिमान का दर्जा दिया। कीर्तिमान रचने में राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व इससे जुड़े महाविद्यालयों के शिक्षक, इंटर कॉलेजों के शिक्षक व छात्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं की बड़ी भूमिका रही।

बयान में कहा गया कि इससे पहले विगत वर्ष भी दीप प्रज्वलन का कीर्तिमान रचा गया था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से प्रमाण पत्र सौंपे जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समूची अयोध्या का अभिवादन किया। 54 देशों के राजनयिक भी इसके साक्षी बने। उन्होंने भी इस अविस्मरणीय, अद्भुत उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हृदय से शुभकामनाएं दीं।



## मोदी ने घुसपैठियों को रोका, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**धार (मध्य प्रदेश)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है जिसके अंदर देश में घुसपैठियों को रोकने का साहस है तथा कांग्रेस एवं विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं के लिए ऐसा करना संभव नहीं है।

उन्होंने 17 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले धार जिले के मनावर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मोदी जी ने देश में घुसपैठियों को रोकने का काम किया है और ऐसा करना कांग्रेस और 'इंडिया' गुट के नेताओं के लिए संभव नहीं है। उन्होंने लोगों से सवाल किया कि घुसपैठियों को रोकना चाहिए या नहीं? शाह ने कहा कि यह मोदी सरकार ही थी जिसने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटा दिया, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया था कि इससे खून-खराबा हो जाएगा, हालांकि कुछ नहीं हुआ।

गृह मंत्री ने कांग्रेस पर देश की संस्कृति को नष्ट करने का आरोप लगाया और कहा कि यह मोदी सरकार थी जिसने कांग्रेस को ऐसा करने से रोका और संस्कृति को पोषित किया।

उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह करते हुए कहा कि इस बार लोग तीन दिवाली मनाएंगे। उन्होंने कहा, पहली रविवार को; दूसरी तीन दिसंबर को, जब विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे; और तीसरी, 22 जनवरी को जब अयोध्या में भगवान राम का अभिषेक होगा।

## क्रिप्टोकरेंसी के कारोबार के नियमन के लिए दिशा-निर्देश तय करने के अनुरोध पर सुनवाई से इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने क्रिप्टोकरेंसी के कारोबार के नियमन के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने को लेकर केंद्र और अन्य को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। क्रिप्टोकरेंसी ऐसी डिजिटल या आभासी मुद्राएं हैं, जिन पर केंद्रीय बैंक का नियंत्रण नहीं होता।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि याचिका में जिस राहत का अनुरोध किया गया है, उसकी प्रकृति विधायी अधिक है। पीठ ने इस बात पर गौर किया कि उक्त याचिका संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत आती है, लेकिन यह स्पष्ट है कि इसका वास्तविक उद्देश्य याचिकाकर्ता के खिलाफ लंबित कार्यवाही में जमानत लेना है। पीठ ने शुक्रवार को पारित आदेश में कहा, हम इस प्रकार की कार्यवाही का समर्थन करने में सक्षम नहीं हैं। याचिकाकर्ता नियमित जमानत के लिए उचित अदालत में जाने के लिए स्वतंत्र होगा। जहां तक मुख्य राहतों का सवाल है, तो ये विधायी निर्देश की प्रकृति की हैं, जिन्हें अदालत संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जारी नहीं कर सकती।

अनुच्छेद 32 संवैधानिक उपायों के अधिकार से संबंधित है और 32 (1) नागरिकों को अधिकारों के क्रियान्वयन के लिए शीर्ष अदालत में जाने का अधिकार देता है। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के व्यक्ति द्वारा दायर याचिका में डिजिटल संपत्ति/क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाने के निर्देश देने संबंधी अनुरोध भी शामिल है। उसने कहा, हम याचिका का निपटारा करते हैं और याचिकाकर्ता को कानून के अनुसार अन्य उपाय अपनाने की छूट देते हैं।

## बंगाल : 253 निजी बीएड कॉलेजों को नहीं मिली छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल में कुल 253 निजी बीएड कॉलेजों को उचित बुनियादी ढांचे की कमी के कारण अगले अकादमिक सत्र से छात्रों को दाखिला देने की अनुमति नहीं दी गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 'वेस्ट बंगाल यूनिवर्सिटी ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, एजुकेशन प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन' (डब्ल्यूबीयूटीटीईपीए) ने शिक्षक प्रशिक्षण के लिए उचित बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने के कारण इन संस्थानों को दाखिले की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

हालांकि, डब्ल्यूबीयूटीटीईपीए ने 350 अन्य निजी बीएड कॉलेजों को शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जारी रखने की मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि दिशा-निर्देश में पर्याप्त शिक्षक-छात्र अनुपात सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है और अनुमति के लिए आवेदन जमा करने से पहले इस अनुपात का पालन करने की आश्यकता से निजी कॉलेजों को अवगत कराया गया है। पश्चिम बंगाल में 600 से अधिक निजी और 25 सरकारी बीएड कॉलेज हैं।

## झारखंड : वेतनमान तय करने की मांग को लेकर शिक्षकों ने किया झामुमो कार्यालय का घेराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** झारखंड में सैकड़ों शिक्षकों ने वेतनमान तय करने की मांग को लेकर शनिवार को राजधानी रांची में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय कार्यालय का घेराव किया। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीईटी) उत्तीर्ण करने वाले इन शिक्षकों ने दावा किया कि परीक्षा में सफल होने के बावजूद उनका वेतनमान अभी तक तय नहीं हुआ है।

झारखंड राज्य टीईटी सफल अध्यापक समन्वय समिति के सदस्य सीमांत घोषाल ने कहा, हमारी एकमात्र मांग टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले लगभग 13,000 शिक्षकों के लिए वेतनमान तय करना है। सीमांत घोषाल ने दावा किया कि जून 2020 में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान इन शिक्षकों को वेतनमान प्रदान करने की अनुशंसा की गई थी। प्रदर्शनकारी शिक्षक ने कहा, सरकार ने हमारे मुद्दे पर महाधिवक्ता से भी सुझाव लिए थे। उन्होंने कहा कि जो पारा शिक्षक प्रशिक्षित हैं और टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, उन्हें वेतनमान दिया जा सकता है। वे अपनी मांग को लेकर 81 दिनों से राजभवन के पास प्रदर्शन कर रहे हैं। घोषाल ने कहा, आज हमने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यालय का घेराव किया और इसके केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडे से मुलाकात की। उन्होंने स्वीकार किया कि हमारी मांग जाए है और हमें आश्वासन दिया कि वह इसे सरकार तक पहुंचाएंगे। इन शिक्षकों ने धमकी दी कि अगर उनकी मांग पर उचित तरीके से विचार नहीं किया तो वे अपना विरोध प्रदर्शन तेज करेंगे और 15 नवंबर को राज्य के स्थापना दिवस के उत्सव के दौरान आंदोलन कर सकते हैं।

## देशभर में अब जन-केंद्रित शासन के युग को वापस लाने का समय आ गया है: राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब पूरे भारत में जनता को केंद्रबिंदु में रखने वाली शासन व्यवस्था के युग को वापस लाने का समय आ गया है। उन्होंने तेलंगाना के एक किसान परिवार के साथ संवाद करते हुए यह दावा भी किया कि प्रदेश की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार तेलंगाना के लोगों की जरूरतें पूरी करने में पूरी तरह 'अक्षम' है।

राहुल गांधी ने तेलंगाना में वर्ष 2020 में आत्महत्या करने वाले किसान के परिवार से अपनी हालिया मुलाकात का एक वीडियो शनिवार को यूट्यूब चैनल पर साझा किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से दी गई 'गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों को राहत देने और तरक्की के मकसद से इन्हें तैयार किया गया है। राहुल ने कहा, महात्मा गांधी ने एक बार कहा था कि सबसे महत्वपूर्ण आवाज पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की होती है। कुम्मारी चंद्रैया की आवाज ऐसी ही थी और बीआरएस सरकार ने उन्हें अनसुना कर दिया। वह तेलंगाना के एक छोटे किसान थे, जो अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे थे और कर्ज के बोझ तले दबे हुए थे।

## बृजमोहन के सामने किसी दूसरे को गुंडा कहना गुंडा शब्द का अपमान: बघेल



**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल पर कथित हमले की घटना को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि 'बृजमोहन के सामने किसी दूसरे को गुंडा कहना गुंडा शब्द का अपमान है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि जब वह राजधानी रायपुर में अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे, तब उन पर हमला किया गया।

अग्रवाल के आरोप के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं समेत कई कार्यकर्ताओं ने शहर के कोतवाली थाने का घेराव किया था। जब मुख्यमंत्री बघेल से इस संबंध में सवाल किया तो उन्होंने कहा, पहली बात तो यह है कि बृजमोहन अग्रवाल पर कोई हमला नहीं कर सकता। जो वीडियो सामने आया है, उसमें वह खुद धक्का मार रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सवाल किया, जो शख्स (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी जैसे व्यक्ति को टेबल के नीचे घुसने पर मजबूर कर दे (2000 में राज्य गठन के बाद भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के दौरान भाजपा कार्यालय में हुई कथित घटना का जिक्र करते हुए) उस बृजमोहन अग्रवाल को कोई धक्का दे सकता है? कोई धमकी दे सकता है? आप मजाक कर रहे हैं। इसका मतलब यह है कि सेठ जी चुनाव में पिछड़ रहे हैं।

## नोटबंदी दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार, गरीबों का पैसा लेकर अमीरों की तिजोरी भरी गई : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 2016 में की गई नोटबंदी से जुड़े केंद्र के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि 'यह दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार' है।

उन्होंने यहां सपा मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, (केंद्र की) भाजपा सरकार द्वारा की गई नोटबंदी दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है। देश में जो धोखाधड़ी और 15 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था, उसी की भरपाई के लिए केंद्र ने सोची समझी रणनीति के तहत नोटबंदी का फैसला लिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ नवंबर 2016 को नोटबंदी की घोषणा की थी। इसके तहत, 500 रुपए और 1000 रुपए के पुराने नोटों को चलन से बाहर कर दिया गया था।

अखिलेश ने दावा किया कि नोटबंदी के दौरान 'सरकार ने जनता का सारा पैसा बैंकों में जमा करा दिया। गरीबों का पैसा लेकर अमीरों की तिजोरी भरने का काम किया। उन्होंने कहा,'प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि नोटबंदी से भ्रष्टाचार और आतंकवाद खत्म हो जाएगा। महंगाई कम होगी, लेकिन उनका दावा झूठा साबित हुआ। नोटबंदी के बाद भी न भ्रष्टाचार कम हुआ, न महंगाई रुकी और ना ही आतंकवाद खत्म हुआ। आज देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। सपा प्रमुख ने कहा,'आंकड़ों के अनुसार, आज भी देश में 33 लाख करोड़ रुपए नकद राशि बाजार में है। आज भी ज्यादातर लोग डिजिटल के बजाय नकद ही लेन-देन कर रहे हैं। जमीन और प्रमुख वस्तुओं की खरीददारी नकद की जा रही है। सभी ने देखा कि जमीन की रजिस्ट्री और खरीद में बड़े पैमाने पर नकद रकम का लेन-देन हुआ और भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने दावा किया, अयोध्या में जो जमीन की रजिस्ट्री हुई, उनमें भाजपा के लोग शामिल रहे। अखिलेश ने 'डायल 112 रिस्पाँस सिस्टम' में कार्यरत महिला कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि विधानसभा सत्र के पहले ही दिन हम इस मुद्दे को उठाएंगे। हमारा पहला सवाल यह होगा कि भाजपा ने डायल 112 को क्यों बर्बाद कर दिया? उन्होंने आरोप लगाया कि 'भाजपा सरकार इमोशनलेस (भावना शून्य), हार्टलेस (संवेदनहीन) और विजनलेस (कोई दृष्टि नहीं) है। वह गरीबी का फायदा उठा रही है। डायल 112 में कार्यरत महिलाओं को नौकरी से निकालने की धमकी दे रही है।

## शिवसेना उन शाखाओं पर कब्ज़ा करेगी जहां अनुचित गतिविधियां चल रही हैं : नरेश म्हास्के

**ठाणे/भाषा।** एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नरेश म्हस्के ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी अविभाजित पार्टी की उन सभी 'शाखाओं' को अपने कब्जे में लेगी जिनका इस्तेमाल अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। शिवसेना ने हाल ही में मुंब्रा में इस तरह की एक शाखा को अपने कब्जे में ले लिया था और उसे नए सिरे से बनाने के लिए ध्वस्त कर दिया था, जिसकी वजह से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारियों के साथ तनाव पैदा हो गया था। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि आज दिन में ठाकरे के क्षेत्र का दौरा करने की उम्मीद है और इस मुद्दे पर कोई गड़बड़ी न हो -यह सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। म्हस्के ने दावा किया कि ठाकरे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता जितेंद्र अव्हाड की सलाह पर मुंब्रा का दौरा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के स्वागत वाले पोस्टरों में शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे और अविभाजित पार्टी के ठाणे के कद्दावर नेता दिवंगत आनंद दीघे की तस्वीरें नहीं हैं।

# रोहित बतौर कप्तान और सलामी बल्लेबाज शानदार रहे हैं : मुख्य कोच राहुल द्रविड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने शनिवार को यहां स्वीकार किया कि विश्व कप में भारत की आठ मैच की जीत की लय में रोहित शर्मा का टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज के तौर पर शानदार तरीके से दोहरी भूमिका में ढलने का अहम हाथ रहा है।

रोहित ने शानदार ढंग से भारतीय टीम का नेतृत्व करने के अलावा बतौर सलामी बल्लेबाज अपनी टीम को आक्रामक शुरुआत भी करायी है। बल्कि उन्होंने आठ मैचों में 122 के स्ट्राइक रेट से 443 रन बनयो हैं। द्रविड़ ने नीदरलैंड के खिलाफ भारत के अंतिम लीग मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, रोहित निश्चित रूप से एक लीडर रहा है।मुझे लगता है कि उसने मैदान के अंदर और बाहर दोनों में उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा, ऐसे भी कुछ मैच रहे हैं जो हमारे लिए पेचीदा हो सकते थे लेकिन वह सच यही है कि वह हमें उस तरह की शुरुआत दिलाने में सफल रहे हैं जिससे मैच हमारे लिए अच्छा रहा है। उन्होंने कहा, वास्तव में इससे मैच हमारे लिए आसान दिखता है और निश्चित रूप से यह उन खिलाड़ियों के लिए भी आसान हो गया जो बल्लेबाजी विभाग में उनके बाद उतरे। द्रविड़ ने कहा कि रोहित ने टीम के जरूरतों के अनुसार खेलकर दूसरों के सामने उदाहरण पेश किया है और इससे भारतीय ड्रेसिंग रूम में काफी बड़ा असर पड़ा है। रोहित ने इस विश्व कप में अब तक जिस आक्रामकता से पारी का आगाज किया है, वह अन्य के लिए प्रेरणा का काम करता रहा है। द्रविड़ ने कहा, हम एक विशेष तरीके से खेलने के बारे में बात करते हैं। आप ऐसा तब तक नहीं कर सकते जब तक आपका नेतृत्व करने वाला ऐसा नहीं करता और आपके सामने उदाहरण पेश नहीं करता। रोहित ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह शानदार है। मुझे लगता है उसकी कप्तानी शानदार रही है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसे खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ से निश्चित रूप से काफी सम्मान मिला है।

## शानदार जीत के साथ देशवासियों को दीवाली का तोहफा देने उतरेगा भारत, कोहली की नजरें ऐतिहासिक शतक पर



**बेंगलूरु/भाषा।** इस विश्व कप में अब तक अपराजेय भारतीय टीम नीदरलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में इस विजय अभियान को कायम रखकर देशवासियों को दीवाली का तोहफा देना चाहेगी जबकि विराट कोहली के पास वनडे शतकों के अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाने का सुनहरा मौका है। भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है जबकि नीदरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है और उसका यह आखिरी मैच है। औपचारिकता के इस मैच में भारतीय टीम में बहुत ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। क्रिकेट वैसे भी नतीजों और आंकड़ों का खेल है लिहाजा ऐतिहासिक व्यक्तिगत उपलब्धियों को हासिल करने की संभावनाओं ने इस मैच को टीम के लिए रोचक बना दिया है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है और अब 50वां शतक बनाने के करीब है। कोहली बाहरी आवाजों को दरकिनार करके अपने खेल पर फोकस रखना चाहेंगे लेकिन आईपीएल के अपने घरेलू मैदान पर दर्शकों की उम्मीदें आसमान छू रही होंगी। अभी तक वह भारत के लिए इस विश्व कप में सर्वाधिक 543 रन बना चुके हैं।

## आल राउंडर मिचेल मार्श का धमाल, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** स्टार आल राउंडर मिचेल मार्श ने नाबाद 177 रन की धुआंधार पारी के दौरान 17 चौके और नौ छक्के जड़े जिससे ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां विश्व कप के अपने अंतिम लीग मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल के लिए अच्छा अभ्यास किया।

ऑस्ट्रेलिया ने मार्श के तीसरे वनडे शतक तथा डेविड वार्नर (53 रन) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 63 रन) के अर्धशतकों की बदौलत 307 रन का लक्ष्य 32 गेंद रहते हासिल कर लिया। अब पांच बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया का सामना कोलकाता में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा।

बांग्लादेश ने अपना अभियान एक और हार से समाप्त किया और अब टीम उम्मीद करेगी कि भारत रविवार को नीदरलैंड को हरा दे ताकि वह पाकिस्तान में होने वाली 2025 चैम्पियंस ट्राफी के लिए क्वालीफाई करने के लिऐ अपने आठवें स्थान पर कायम रहे। मार्श अपने दादा के देहांत के बाद स्वदेश लौट गए थे। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए वार्नर के साथ 116 गेंद में 120 रन और फिर तीसरे विकेट के लिए स्मिथ के साथ 136 गेंद में 175 रन की नाबाद साझेदारी बनायी। मार्श की पारी इस विश्व कप में ग्लेन मैक्सवेल के नाबाद 201 रन के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले तौहिद हृदय (74 रन) के अर्धशतक की बदौलत बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 306 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ने इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (10 रन) का विकेट जल्दी गंवा दिया लेकिन मार्श और वार्नर ने 15 ओवर में टीम को एक विकेट पर 100 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया। मार्श ने आक्रामक शुरुआत की और वह शुरू से ही अच्छी फॉर्म में दिख रहे थे जिससे वार्नर ने तेजी नहीं दिखायी। मार्श ने चौथे ओवर में मेहदी हसन पर तीन चौके जड़े और फिर तास्किन अहमद पर डीप स्क्वायर लेग में छक्का लगाया। फिर उन्होंने नासुम पर एक छक्का जड़ने के बाद 12वें ओवर में मेहदी हसन मिराज की गेंद को भी छक्के के लिए भेजा।

## सुविचार

अगर सजा दे ही चुके हो तो हाल
न पूछना, हम अगर बेगुनाह
निकले तो तुम्हे अफ़सोस होगा।

## ट्वीट

दौसा में चार वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म की वारदात ने राजस्थान को एक बार फिर शर्मसार किया है। इस बेटी की चीखें तब तक प्रदेशवासियों के कानों में गूंजती रहेगी, जब तक कि अपराधियों को सजा नहीं मिल जाए। जब तक इस निष्क्रिय सरकार की विदाई नहीं हो जाती।

-वसुंधरा राजे

राजस्थान में प्रतिदिन बच्चियों के साथ दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटनाएं सामने आ रही है। दौसा जिले में हुई यह दुष्कर्म की घटना प्रदेश की नाकाम, लाचार और भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के द्वारा बनाई गई व्यवस्था के कारण हो रही है, जहां रक्षक ही भक्षक बने हुए हैं।

-सीपी जोशी

## विशेष

# भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण कल्याणक वर्ष

डॉ. दिलीप धींग
मोबाइल : 9952048107

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का निर्वाण ईस्वी पूर्व 527 (विक्रम पूर्व 470) में कार्तिक अमावस्या की अर्द्धरात्रि में साढ़े बहत्तर वर्ष की आयु में पावापुरी में हुआ था। उस समय भगवान महावीर के दो उपवास थे। लगातार दो दिन दो रात (48 घण्टों) से उनकी धर्म-देशना (उपदेश-धारा) प्रवाहित हो रही थी। समवशरण में बिना थके लाखों की परिषद उनकी देशना का श्रवण कर रही थी। मानवों के अलावा देव-देवियाँ और पशु-पक्षी भी तीर्थंकर महावीर की दिव्य वाणी का अमृतपान कर रहे थे। तीर्थंकर महावीर के अत्यन्त तेजस्वी आभामण्डल और ज्ञानालोक से सम्पूर्ण लोक प्रकाशमान था। उनके निर्वाण के साथ ही एकाएक सर्वत्र अन्धकार छा गया। क्षणभर के लिए देवलोक (स्वर्ग) में भी अंधकार व्याप्त हो गया। करोड़ों आँखों से अश्रुधाराएँ बहने लगीं। देवगण भी अपना रुदन रोक नहीं सके।

### दीपावली की शुरूआत

ज्ञानज्योति की प्रतिपूर्ति में देवताओं, राजाओं और सभी मानवों ने मणि-रत्नों के दीप जलाकर ज्योति (प्रकाश) की आराधना का संकल्प किया। मल्ल और लिच्छवि गणराज्यों में भी दीप जलाये गये। अमावस की वह निशा पुनः प्रकाशमय हो गई। उसी दिन से भगवान महावीर निर्वाण-कल्याणक के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष दीपावली का पर्व मनाया जाता है। दीपावली मनाने का यह प्राचीनतम ऐतिहासिक प्रमाण है। प्राकृत भाषा के प्राचीन जैन ग्रन्थ कल्पसूत्र इस तथ्य का स्पष्ट उल्लेख है। हेमचन्द्राचार्य रचित त्रिषष्टिशलाका पुरुष चरित्र तथा हरिवंश पुराण में भी इस तथ्य की पुष्टि की गई है। भगवान महावीर की अन्तिम देशना का संकलन प्राकृत भाषा के मूल आगम ग्रंथ उत्तराध्ययन-सूत्र और विपाक-सूत्र में है। दीपावली के अवसर पर उत्तराध्ययन-सूत्र के वाचन और श्रवण की परम्परा है। अगणित श्रद्धालु भगवान महावीर के निर्वाण-कल्याणक के उपलक्ष्य में दीपावली को उपवास, बेला, तेला और विविध जप-तप की साधनाएँ करते हैं।

### पावापुरी जलमंदिर

कार्तिक शुक्लपक्षीय प्रतिपदा को भगवान की पार्थिव देह का अग्नि-संस्कार किया गया। अन्तिम संस्कार के समय नौ मल्लवी और नौ लच्छवी सहित अठारह देशों के राजा, उनकी प्रजा, भगवान महावीर के ज्येष्ठ भ्राता राजा नन्दीवर्द्धन एवं उनके परिवारजन सहित लाखों मनुष्य और देवता उपस्थित थे। देवताओं ने ही प्रभु के अन्तिम संस्कार के लिए गोशीर्ष चन्दन की चिता का निर्माण किया था। अग्निकुमार देवों ने अग्नि प्रज्वलित की और वायुकुमार देवों ने सुगंधित हवाएँ संचारित कीं। अनेक दुर्लभतम सुगन्धित पदार्थों के साथ प्रभु के चरम शरीर की दाह-क्रिया सम्पन्न हुई। तत्पश्चात मेघकुमार देव ने जलवृष्टि करके चिता शान्त की। मनुष्य और देवता चिता-स्थल से पवित्र राख और अस्थियाँ ले गये। जब कुछ नहीं बचा तो भक्तगण वहाँ की मिट्टी ही खोद-खोद कर ले जाने लगे। फलस्वरूप भगवान के अग्नि-संस्कार स्थल पर बहुत बड़ा खड्डा हो गया। बाद में वह खड्डा सरोवर में परिवर्तित हो गया। वर्तमान में उसी पावापुरी में स्थित कमल-पुष्पों से आच्छादित जलाशय में जलमन्दिर बना हुआ है। जलमन्दिर सफेद मार्बल से देव-विमान के आकार में निर्मित है। बिहार के नालन्दा जिले में स्थित पावापुरी में प्रतिवर्ष दीपावली को विशाल मेला लगता है। पटना से 100 किमी एवं राजगृह से 38 किमी दूर इस पावन निर्वाण-भूमि पर लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष पहुँचते हैं और वहाँ भगवान महावीर की उपासना करते हैं।

### सर्वप्राचीन वीर संवत

भगवान महावीर के निर्वाण के अगले दिन कार्तिक सुदी एकम से भगवान महावीर निर्वाण संवत (वीर संवत) की शुरूआत हुई थी। शिलालेखीय साक्ष्य के आधार पर वीर संवत दुनिया का सबसे प्राचीन संवत है। 1912 में राजस्थान के अजमेर जिले के बड़ली ग्राम में भगवान



महावीर के निर्वाण के 84वें वर्ष में लिखा एक षटकोणीय स्तंभलेख मिला, जिसे पुराविद गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने पढ़ा था। उस पर प्राकृत भाषा व ब्राह्मी लिपि में 84 वीर संवत' लिखा है। किसी पंचांग (कैलेंडर) का यह सर्वप्रथम व सर्वप्राचीन शिलालेखीय प्रमाण है। यह शिलालेख अजमेर के राजपूताना संग्रहालय' में है। प्राचीन ग्रंथों में भी वीर संवत के उल्लेख उपलब्ध हैं।

### 25वीं निर्वाण शताब्दी

भगवान महावीर के निर्वाण का 2500वाँ वर्ष सन 1973-74 में देश-दुनिया में मनाया गया था। पच्चीसवीं निर्वाण शताब्दी पर 13 नवम्बर 1974 को भारतीय डाक विभाग ने 25 पैसे मूल्यवर्ग का स्मारक डाक टिकट जारी किया था। डाक टिकट पर पावापुरी जलमन्दिर का चित्र अंकित किया गया तथा उस पर हिन्दी और अंग्रेजी में 'भगवान महावीर की 2500वीं निर्वाण जयन्ती' लिखा गया। इसी निर्वाण कल्याणक वर्ष में जैन आगम साहित्य, संस्कृति और परंपरा के आधार पर जैन धर्म का मंगल-प्रतीक तय किया गया, जिसे सभी सम्प्रदायों के आचार्यों, सन्तों और विद्वानों ने अनुमोदित किया। इस प्रतीक के नीचे परस्परोपग्रहो जीवानाम' लिखा गया। यह आदर्श वाक्य संस्कृत भाषा के प्रथम जैन ग्रंथ तत्वार्थ-सूत्र' से लिया गया। वर्ष 2001 में जब भगवान महावीर का 2600वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया, तब भारत सरकार द्वारा इसी जैन प्रतीक को अंकित करते हुए तीन रुपये मूल्य वर्ग का बहुरंगी डाक टिकट तथा पाँच रुपये का सिक्का जारी किया गया।

उल्लेखनीय है कि भगवान महावीर की 2500वीं निर्वाण जयन्ती पर ही 1974 में सर्वसम्मति से पाँच रंगों वाला जैन ध्वज तय किया गया था। उसी वर्ष भारत-रत्न आचार्य विनोबा भावे की प्रेरणा से जैन धर्म की श्वेताम्बर-दिगम्बर सम्प्रदायों के प्राकृत भाषा के ग्रंथों के आधार पर समणसुत्तं' पुस्तक तैयार की गई थी। देश व मानवता की सेवा के अनेक ऐतिहासिक कार्य भगवान महावीर की 25वीं निर्वाण शताब्दी के उपलक्ष्य में हुए थे।

### 2550वें निर्वाण वर्ष का आरंभ

अब पचास वर्ष बाद इस दीपावली से अगली दीपावली तक भगवान महावीर का 2550वाँ निर्वाण कल्याणक वर्ष (2023-24) देश दुनिया में विभिन्न साधनाओं, कल्याणकारी कार्यों और कार्यक्रमों के साथ मनाने का शुभारंभ हो रहा है। युद्ध, हिंसा, असहिष्णुता, असंयम, आतंक और प्रदूषण के दौर में भगवान महावीर का पुनीत स्मरण संसार में सुख-शांति का संचार करने वाला बने। उनका हर कल्याणक प्राणीमात्र के कल्याण एवं जन-जीवन में अहिंसा, समता, सदाचार और प्रेम का आलोक प्रसारित करने का पावन निमित्त है। इस निमित्त से सबके उपादान शुभ, शुद्ध और समर्थ बनें।



# पारम्परिक पर्व दीपावली

भारत के सभी राज्यों में दीपावली धूमधाम के साथ मनाई जाती है। परंपरा के अनुरूप इसे मनाने के तौर तरीके अलग अलग बेशक हो सकते हैं लेकिन आस्था की झलक सभी राज्यों में दिखाई देती है। गुजरात में नमक को लक्ष्मी का प्रतीक मानते हुए जहाँ इसे बेचना शुभ माना जाता है वहीं राजस्थान में दीपावली के दिन रेशम के गद्दे बिछाकर अतिथियों के स्वागत की परंपरा देखने को मिलती है। हिमाचल में आदिवासी इस दिन यक्ष पूजन करते हैं तो उत्तराखंड में थारु आदिवाई अपने मृत पूर्वजों के साथ दीपावली मनाते हैं। बंगाल में दीपावली को काली पूजा के रूप में मनाया जाता है। देश के साथ ही विदेशों में भी दीपावली की धूम देखने को मिलती है। ब्रिटेन से लेकर अमरीका तक में यह में दीपावली धूम के साथ मनाया जाता है। विदशों में भी धन की देवी के कई रूप देखने को मिलते हैं। धनतेरस को लक्ष्मी का समुद्र मंथन से प्रकट का दिन माना जाता है।

भारतीय परंपरा उल्लू को लक्ष्मी का वाहन मानती है लेकिन महालक्ष्मी स्रोत में गरुण अथर्ववेद में हाथी को लक्ष्मी का वाहन बताया गया है। प्राचीन यूनान की महालक्ष्मी एथेना का वाहन भी उल्लू ही बताया गया है लेकिन प्राचीन यूनान में धन की अधिष्ठात्री देवी के तौर पर पूजी जाने वाली हेरा का वाहन मोर है। भारत के अलावा विदेशों में भी लक्ष्मी पूजन के प्रमाण मिलते हैं। कम्बोडिया में शेषनाग पर आराम कर रही विष्णु जी के पैर दबाती एक महिला की मूरत के प्रमाण बताते हैं यह हमारी देवी लक्ष्मी ही है। प्राचीन यूनान के सिक्कों पर भी लक्ष्मी की आकृति देखी जा सकती है। रोम में चांदी की थाली में लक्ष्मी की आकृति होने के प्रमाण इतिहासकारों ने दिए हैं। पडोसी देश श्रीलंका में भी पुरातत्वविदों को खनन और खुदाई में कई भारतीय देवी देवताओं की कई मूर्तियां मिली हैं जिनमे लक्ष्मी भी शामिल है। इसके अलावा थाईलैंड, जावा, सुमात्रा, मारीशस, गुयाना, अफ्रीका, जापान, अफ्रीका जैसे देशों में भी इस धन की देवी की पूजा की जाती है। यूनान में आइरीन, रोम में फ़ोर्चूना, ग्रीक में दमित्री को धन की देवी एक रूप में पूजा जाता है तो यूरोप में भी एथेना, मिनर्वा और एलोरा का महत्व है।

समय बदलने के साथ ही बाजारवाद के दौर के आने के बाद आज बेशक इसे मनाने के तौर तरीके भी बदले हैं लेकिन आस्था और भरोसा ही है जो कई दशकों तक परंपरा के नाम पर लोगों को एक त्यौहार के रूप में देश से लेकर विदेश तक के प्रवासियों को एक सूत्र में बाँधा है। बाजारवाद के इस दौर में घरों में मिटटी के दीयों की जगह आज चीनी उत्पादों और लाइट ने ले ली है लेकिन यह त्यौहार उल्लास का प्रतीक तभी बन पायेगा जब हम उस कुम्हार के बारे में भी सोचें जिसकी रोजी रोटी मिट्टी के उन दीयों से चलती है जिसकी ताकत चीन के सस्ते दीयों ने आज छीन ली है। हम पुराना वैभव लौटाते हुए यह तय करें कि कुछ दिए उस कुम्हार के नाम इस दीपावली में खरीदें जिससे उसकी भी आजीविका चले और उसके घर में भी खुशहाली आ सके।

इस त्यौहार में भले ही महानगरों में आज चकाचौंध का माहौल है और हर दिन अरबों के वारे न्यारे किये जा रहे हैं लेकिन सरहदों में दुर्गम परिस्थिति में काम करने वाले जवानों के नाम भी हम एक दिया जलाये जो दिन रात सरहदों की निगरानी करने में मशगूल हैं और अभी भी दीपावली अपने परिवार से दूर रहकर मना रहे हैं। इस दीपावली पर हम यह संकल्प भी करें तो बेहतर रहेगा यदि इस बार की दीपावली हम पौराणिक स्वरुप में मनाते हुए स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करें।

### दीपावली पर दीपों का महत्व

दीपावली में दियों को जलाने की परंपरा उस समय से चली आ रही है जब रावण की लंका पर विजय होने के बाद राम अयोध्या लौटे थे। राम के आगमन की खुशी इस पर्व में देखी जा सकती है। जिस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम राम अयोध्या लौटे थे उस रात कार्तिक मास की अमावस थी और चाँद बिलकुल दिखाई नहीं देता था। तब नगरवासियों में अयोध्या को दीयों की रौशनी से नहला दिया। तब से यह त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। ऐसा माना जाता है दीपावली की रात यक्ष अपने राजा कुबेर के साथ हस परिहास करते और आतिशबाजी से लेकर पकवानों की जो धूम इस त्यौहार में दिखती है वह सब यक्षों की ही दी हुई है वहीं कृष्ण भक्तों की मान्यता है इस दिन कृष्ण ने अत्याचारी राक्षस नरकासुर का वध किया था। इस वध के बाद लोगों ने खुशी में घर में दिए जलाए। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान नारायण विष्णु ने अपने नरसिंह रूप को धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया था और समुद्र मंथन के पश्चात प्रभु धन्वन्तरी और धन की देवी लक्ष्मी प्रकट हुई जिसके बाद से उनको खुश करने के लिए यह सब त्यौहार के रूप में मनाया जाता है।

वहीं जैन मतावलंबी मानते हैं कि जैन धरम के 24 वे तीर्थंकर महावीर का निर्वाण दिवस भी दिवाली को हुआ था। बौद्ध मतावलंबी का कहना है बुद्ध के स्वागत में तकरीबन 2500 वर्ष पहले लाखों अनुयायियों ने दिए जलाकर दीपावली को मनाया। दीपोत्सव सिक्खों के लिए भी महत्वपूर्ण है। ऐसा माना जाता है इसी दिन अमृतसर में स्वर्ण मंदिर का शिलान्यास हुआ था और दीपावली के दिन ही सिक्खों के छठे गुरु हरगोबिन्द सिंह को कारागार से रिहा किया गया था।

## संजय उवाच

■ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com





# दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते

भारतीय दर्शन कहता है, 'आत्मदीपो भव!' क्या है अर्थ आत्मदीप होने का? आत्मदीप होना अर्थात अपनी आत्मा की ओर देखना। स्वयंप्रभा आत्मा के आलोक में अपनी यात्रा करना। अपना दीपक आप बनना।

एक सूरदास साधक अपने मित्र से मिलने गया। मित्रों की बातचीत में समय का ध्यान ही नहीं रहा। सूर्यास्त हो चला। मित्र ने कहा, अंधेरे में घर लौटने में तुम्हें कठिनाई होगी। आज मेरे निवास पर ही रुको। सूरदास ने कहा, तुम मुझे एक दीप प्रज्वलित करके दे दो। मैं उसकी सहायता से सरलता से घर पहुँच जाऊँगा। मित्र ने आश्चर्य से पूछा, दीप का भला तुम्हें क्या लाभ? सूरदास ने कहा, दीपक से मुझे तो नहीं दिखाई देगा पर राह में चल रहा दूसरा पथिक मुझे देख पाएगा और इस तरह किसी प्रकार की दुर्घटना से मैं बचा रहूँगा। मित्र ने मित्र की बात का सम्मान करते हुए दीप प्रज्वलित करके दे दिया। सूरदास अपनी राह पर बढ़ चला। थोड़ा समय निर्विघ्न बीता। फिर एकाएक एक व्यक्ति आकर सूरदास से ज़ोर से टकरा गया। वह क्षमायाचना करने लगा पर सूरदास आक्रोश से भर उठा। कहा, मुझे तो विधाता ने देखने के लिए आँखें नहीं दीं पर तुम तो आँखें होते हुए भी दीपक का प्रकाश नहीं देख सके। पथिक ने आश्चर्य से कहा,कैसा प्रकाश? क्षमा करें मित्र, दीपक तो आपके हाथ में है पर यह प्रज्वलित नहीं है। संभवत: वायु से बहुत पहले ही बुझ चुका। यदि यह प्रज्वलित होता तो मुझसे ऐसी भूल नहीं होती। सूरदास के नेत्रों से खारा जल बह निकला। कहा,भूल तो मुझसे हुई है। आज मैंने पाठ पढ़ा कि उधार के प्रकाश से कोई भी अपनी यात्रा पूरी नहीं कर सकता। दीपक तो व्यक्ति को अपने भीतर ही जलाना होता है, आत्मदीप होना पड़ता है।

भारतीय संस्कृति आत्मदीप होने की प्रक्रिया को ब्रह्म के आलोक से संबद्ध करती है। यहाँ प्रकाश, ब्रह्म का प्रतीक है।

दीपज्योतिः परब्रह्म दीपज्योतिर्जनार्दनः।दीपो हरतु मे पापं दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते।।

अर्थात दीप का प्रकाश परब्रह्म स्वरूप है। दीप की ज्योति जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति दिलानेवाले जनार्दन की अनुभूति है। दीप का प्रकाश मेरे पापों, मेरे कुत्सित विचारों का हरण करे। मैं दीपज्योति को नमन करता हूँ।

घर-परिसर में दीपावली के दीप प्रज्वलित करते समय स्मरण रहे कि शाश्वत आलोकित लौ भीतर है। इस लौ की आभा में बारह मास प्रकाशपर्व अनुभव करें।

साधकों-पाठकों को दीपावली की हार्दिक मंगलकामनाएँ। अनुरोध है कि अपने घर-परिवार के साथ किसी एक निर्धन-असहाय घर-परिवार की दीपावली का भी दायित्व उठाएँ, प्रकाश की परिधि बढ़ाएँ।

## बोध कथा


# राजा और तोता

एक समय की बात है, किसी एक राज्य में हरिशंकर नाम का राजा राज करता था। उस राजा के तीन बेटे थे। उसकी ख्वाहिश थी कि वह उसका सबसे काबिल बेटा उसकी राजगद्दी संभाले, लेकिन वह इस बाात लेकर संशय में था कि तीनों में से किसे वह अपना राजपाट सौंपे। एक दिन राजा को एक तरकीब सूझी। उसने उसी समय अपने तीनों बेटों को बुलाया और कहा, बेटे! आज मैं तुम सब से एक सवाल पूछता हूं, अगर तुम लोगों के सामने एक गुनेगार खड़ा हो तो खड़ा हो तो तुम उसके साथ क्या करोगे?

इस पर राजा के पहले बेटे ने कहा, उस अपराधी को सजाए मौत दी जानी चाहिए। वहीं, दूसरे बेटे ने कहा, गुनेगार को कालकोठरी में बांध देना चाहिए। जबकि तीसरे बेटे ने कहा, पिताजी, हमें उसे सजा देने से पहले इस बात की जांच करनी चाहिए कि उसने सही में अपराध किया है या नहीं । इसपर राजा के तीसरे बेटे ने सभी को एक कहानी सुनाई। एक राजा था, जिसके पास एक बुद्धिमान तोता था। एक बार उस तोता ने महराज से कहा, मुझे अपने माता और पिताजी के पास जाना है। राजा ने उसकी बात नहीं मानी, लेकिन तोता ने हार नहीं मानी। वह लगातार महराज से जिद्द करने लगा कि मुझे माता-पिता के पास जाने दें। अंत में राजा ने तोता की बात मान ली और कहा, ठीक है तुम अपने माता-पिता से मिलकर आओ, लेकिन वहां ज्यादा दिन नहीं रूकना। राजा ने तोता को केवल पांच दिन की अनुमती दी और कहा, तुम पांच दिन में अपने परिवार वालों से मिलकर लौट आना।

इसके बाज तोता पांच दिन के लिए अपने माता-पिता के पास चला गया। छठे दिन जब वह राजा के पास लौट रहा था तो उसने सोचा कि क्यों न वह मराज के लिए कुछ उपहार ले लिया जाए। फिर वह पर्वत कि ओर निकल पड़ा। दरअसल, वह महराज के लिए अमृत फल लेना चाहता था। वहां पहुंचते-पहुंचते रात हो गई। तोता ने पर्वत पर पहुंच कर फल तो ले लिया, लेकिन रात हो जाने के कारण वह आगे नहीं बढ़ा और वहीं रूक गया।

उस रात जब तोता सो रहा था तभी एक सांप वहां आया और उसने राजा के लिए गए अमृत फल को खाने लगा। सांप ने फल को खाया इस कारण उस फल में जहर फैल गया था। हालांकि, तोते को इस बात की भनक तक नहीं थी। अगली सुबह जब वह जगा तो फल



लेकर महल की ओर चल पड़ा।

जब वह महत पहुंचा तो खुशी-खुशी सीधे राजा के पास गया और कहा, महराज मैं आपके लिए यह अमृत फल लेकर आया हूं। आप इसे खाएंगे तो सदा के लिए अमर हो जाएंगे। यह सुनकर राजा काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने तुरंत उस अमृत फल को खाने के लिए मांगा। इस पर एक मंत्री ने कहा, जरा रूकिए महराज, आप इस फल को बिना जांच किए कैसे खा सकते हैं। एक बार यद देख तो लीजिए कि तोता द्वारा लाया गया यह अमृत फल सही है या नहीं। राजा उस मंत्री की बात से सहमत हुआ और कहा कि तुरंत इस फल को एक कुत्ते को खिलाया जाए। राजा का आदेश पाकर सैनिक ने फल का एक टुकड़ा कुत्ते को खिलाया। फल खाते ही कुत्ते की मौत हो गई। यह देख राजा गुस्से से आग बबूला हो गया। उसने क्रोध में आकर तलवार से तोता के सिर को काट दिया। साथ ही फल को फेंकवा दिया। कुछ साल बाद ठीक उसी स्थान पर एक पौधा निकल आया। यह देख राजा को लगा कि यह उसी जहरीले फल का पौधा है। उसने सभी को आदेश दिया कि उस पेड़ का फल कोई नहीं खाएगा। कुछ दिन बाद एक वृद्ध व्यक्ति उस पेड़ के नीचे आराम करने के लिए रूका। उसे भूख भी काफी जोर से लगी थी। उसने उसी पेड़ से फल तोड़ा और खाने लगा। फल खाने के बाद वह बूढ़ा व्यक्ति एक दम से जवान हो गया। राज ने जब यह देखा तो वह आश्चर्यचकित रह गया। उसे समझ आ गया कि वह फल जहरीला नहीं था। उससे पबहुत बड़ी गलती हो गई।

उसने बिना सच्चाई जाने तोता को मार दिया। इसे लेकर उसे काफी पछतावा भी हुआ। इसके लिए वह मन ही मन खुद को कोसने लगा। इधर, तीसरे राजकुमार की कहानी खत्म होने के बाद राजा हरिशंकर ने उसे ही अपना उतराधिकारी नियुक्त किया। इसके बाद राज्य में जश्न मनाया गया। कहानी से सीख इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें कभी भी बिना जांच किए किसी को सजा नहीं देनी चाहिए।

## वीर गाथा

# सूबेदार भंवर लाल भाकर: कारगिल में कायम की वीरता की मिसाल, जो सदियों तक देती रहेगी प्रेरणा

सूबेदार भंवर लाल भाकर का जन्म राजस्थान में नागौर जिले के थेबरी गांव में हुआ था। माता चुनकी देवी और पिता भूरा राम के बहादुर बेटे ने कारगिल युद्ध में वीरता की वह मिसाल कायम की, जिससे भारतवासी सदियों तक प्रेरणा लेते रहेंगे।

भंवर लाल राजपूताना राइफल्स में थे। जब साल 1999 में कारगिल युद्ध छिड़ा तो वे अपनी यूनिट के साथ उसी सेक्टर में तैनात थे। उन्होंने तोलोलिंग चोटी पर कब्ज़ा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

सूबेदार भंवर लाल और उनके साथी जवानों को प्वाइंट 4590 पर दोबारा कब्जा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद वे द्रास सेक्टर में तोलोलिंग की खतरनाक बर्फीली चढ़ाई को पार करते हुए आगे बढ़ते गए। अब सूबेदार भंवर लाल और साथी जवानों के सामने वे बंकर थे, जिनमें पाकिस्तानी घुसपैठिए घात लगाकर बैठे थे। भारी बर्फबारी के कारण बंकर बर्फ से ढके हुए थे। यह बेहद मुश्किल अभियान था, जिसे कामयाब बनाने के लिए भारतीय सेना के उन योद्धाओं ने जान की बाजी लगा दी थी।

ऊंचाई पर होने के कारण दुश्मन उन्हें छुपकर देख सकता था, लेकिन वह ख़ुद साफ नजर नहीं आ रहा था। बारह-तेरह जून की रात को सूबेदार भंवर लाल द्रास सेक्टर में तोलोलिंग की चोटी पर कब्ज़ा करने के लिए अपने जवानों का नेतृत्व कर रहे थे। वे जैसे ही कुछ करीब पहुंचे, दुश्मन ने उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी।

इस हमले से हमारे कुछ जवान भी वीरगति को प्राप्त हुए। लिहाजा रणनीति में थोड़ा बदलाव किया गया। भंवर लाल ने फिर मोर्चा संभाला और आगे बढ़े। अभी दुश्मन सिर्फ 50 मीटर की दूरी पर था। उसने दोबारा गोलीबारी की। भंवर लाल को अचानक एलएमजी का फायर लगा और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने इसके बावजूद हिम्मत नहीं हारी और आखिरी सांस तक आगे बढ़ते रहे। सूबेदार भंवर लाल ने जिस मकसद के साथ चढ़ाई शुरू की थी, उसे ख़ुद तो पूरा होते नहीं देख पाए, लेकिन उनके बलिदान के बाद साथियों ने उस इलाके में मौजूद पाकिस्तानी घुसपैठियों का सर्वनाश कर दिया। सूबेदार भंवर लाल भाकर को उनके अदम्य साहस, उत्कृष्ट नेतृत्व और बलिदान के लिए 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

खरीददारी



हरिद्वार में शनिवार को दिवाली पर लक्ष्मी पूजा के लिए एक दुकान से भगवान की फोटो खरीदती एक महिला।

## बांग्ला कवि नजरुल इस्लाम के स्वतंत्रता संग्राम गीत की 'प्रस्तुति' को लेकर संगीतकार रहमान के खिलाफ रोष

कोलकाता/भाषा। बॉलीवुड की एक नई फिल्म में ए.आर. रहमान द्वारा प्रसिद्ध बांग्ला कवि काजी नजरुल इस्लाम के एक लोकप्रिय स्वतंत्रता संग्राम गीत की 'प्रस्तुति' पर विवाद खड़ा हो गया है। कवि के परिवारवालों और आम लोगों ने लय और धुनों में 'विरूपण' को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। 'करार ओई लोहो कोपाट' (जेल की लोहे की सलाखें) गीत को फिल्म 'पिप्पा' में पेश किया गया है, जिसमें ईशान खट्टर और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।

नजरुल के पोते और चित्रकार काजी अनिर्बान ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मेरी मां ने फिल्म के लिए गाने के इस्तेमाल की सहमति दी थी, लेकिन धुन बदलने के लिए नहीं। जिस तरह से लय और धुनों में बदलाव के साथ गाने को प्रस्तुत किया गया है वह चौंकाने वाला है।

नजरुल इस्लाम बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि हैं और भारत के पश्चिम बंगाल में एक सम्मानित और बहुत ही पसंदीदा व्यक्ति हैं।

नजरुल की पोती अनिंदिता काजी ने अमेरिका से एक ऑडियो संदेश में कहा, उनके परिवार के सदस्यों और उनकी रचनाओं के प्रेमियों के रूप में, हम इस विरूपण को स्वीकार नहीं कर सकते। लोकप्रिय बांग्ला गायिका हेमंती शुक्ला ने कहा कि 'बेअदबी के कृत्य' से भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा, मुझे आश्चर्य है कि एआर रहमान जैसा संगीतकार ऐसा कैसे कर सकता है ... काजी नजरुल इस्लाम के गीतों के साथ ऐसी छेड़छाड़ की इजाजत नहीं दी जा सकती।

शामिल



गुवाहाटी में नागांव जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेश बोरा शनिवार को भाजपा कार्यालय में असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता और अन्य पार्टी नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए।

# चंद्रयान-3 को लेकर भारत से सूचना मिलने का इंतजार करते हैं अमेरिका, रूस : जितेंद्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 मिशन की सफलता का श्रेय सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से अंतरिक्ष के क्षेत्र को खोलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति को दिया और कहा कि अमेरिका और रूस भी इन परियोजनाओं को लेकर भारत द्वारा जानकारी साझा किए जाने का उत्सुकता से इंतजार करते हैं।

सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 मिशन भारत में तेजी से होते विकास का प्रतीक हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हमारे मिशन लगभग एक साथ शुरू हुए। चंद्रयान-3 का उल्लेखनीय पहलू चंद्रमा के उस दक्षिणी ध्रुव पर उतरना था, जहां पर अभी तक कोई नहीं पहुंचा था। हम वायुमंडल, खनिजों और तापीय स्थितियों पर महत्वपूर्ण डेटा एकत्र कर रहे हैं और निष्कर्षों का विश्लेषण कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से अमेरिका और रूस में भारत से मिलने वाली जानकारी को लेकर उत्सुकता रहती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और रूस ने भारत से बहुत पहले अंतरिक्ष के क्षेत्र में यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा, ''अमेरिका ने 1969 में चंद्रमा पर पहली बार मानव उतारा था, लेकिन हमारा चंद्रयान-3 ही पानी (चंद्रमा पर) - 'एच2ओ' अणु - के अस्तित्व का प्रमाण लेकर आया। यह (वहां) जीवन की संभावना के बारे में बताता है। यह जांच का महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

सिंह ने कहा कि 'नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) भी अब भारत का सहयोग मांग रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिका और रूस इस संबंध में भारत द्वारा जानकारी साझा किए जाने का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा, आदित्य मिशन ने तस्वीरें भेजना शुरू कर दिया है। यह जनवरी में काम शुरू करने वाला है। इसे व्यापक स्तर पर मीडिया कवरेज मिला, श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) में 10,000 लोगों ने इसके प्रक्षेपण को देखा। उन्होंने कहा कि मोदी की पहल ने श्रीहरिकोटा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के लिए खोल दिया, जिससे अंतरिक्ष क्षेत्र में 150 से अधिक स्टार्टअप को बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा, पिछले तीन से चार वर्ष के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारे पास 150 से अधिक स्टार्टअप हैं। इनमें से कुछ पहले ही उद्यमी बन चुके हैं।

सिंह ने कहा कि जो प्रतिभाशाली युवा पहले विदेशों में अवसर तलाशने के लिए मजबूर थे, वे अब घरेलू स्तर पर अंतरिक्ष क्षेत्र में फल-फूल रहे हैं। उन्होंने कहा, युवा देश छोड़ देते थे क्योंकि क्षेत्र में विशेषज्ञता होने के बावजूद उनके पास यहां कोई अवसर नहीं था। मोदी जी ने अंतरिक्ष के क्षेत्र को खोल दिया।

## म्यांमार की सैन्य अदालत ने पूर्व जनरल को पांच साल कैद की सजा सुनाई

बैंकॉक/एपी

म्यांमार की एक सैन्य अदालत ने सेना के पूर्व जनरल और देश की शासी परिषद के एक वरिष्ठ सदस्य को अपने अधिकार का दुरुपयोग करने और रिश्वत लेने के मामले में दोषी करार देते हुए पांच साल जेल की सजा सुनाई है।

लेफ्टिनेंट जनरल सोई हतुत देश के गृह मंत्री होने के अलावा सत्तारूढ़ 'स्टेट एडमिनिस्ट्रेटिव काउन्सिल' के एक सदस्य भी थे। म्यांमार में ढाई साल पहले 'स्टेट काउंसलर' आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार को बर्खास्त कर सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा किए जाने के बाद से यह ताजा मामला है, जब सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी को भ्रष्टाचार के मामले में सजा सुनाई गई है।

सरकारी समाचारपत्र 'ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार' में शनिवार को प्रकाशित एक खबर के मुताबिक सोई हतुत पर आरोप है कि उन्होंने अपने अधीनस्थों को कंपनियों को उनके अनुरोध पर पासपोर्ट जारी करने का निर्देश देकर अपने पद और अधिकार का दुरुपयोग किया, रिश्वत ली और यह सुनिश्चित करने में विफल रहे कि गृह मंत्रालय के कर्मचारी कल्याण कोष के लिए वित्तीय नियमों और विनियमों का पालन किया जाए।

# विदेश मंत्री एस.जयशंकर लंदन पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को ब्रिटेन की अपनी पांच दिवसीय यात्रा की शुरुआत की जिसका मकसद द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करना है।

उम्मीद की जा रही है कि जयशंकर के इस दौरे के दौरान ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की अगले कुछ महीनों में होने वाली संभावित भारत यात्रा के संबंध में तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

विदेश मंत्रालय ने बताया, विदेश मंत्री एस.जयशंकर 11 से 15 नवंबर तक ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर होंगे।

मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया, भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंध बढ़ रहे हैं। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अपने ब्रिटिश समकक्ष सर जेम्स क्लेवर्ली और अन्य गणमान्य लोगों के साथ मुलाकात करेंगे।



विदेश मंत्रालय ने दोनों देशों के रिश्तों को मधुर और प्रगतिशील बताया। भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत 2021 में की गई और इसके तहत भारत-ब्रिटेन कार्ययोजना-2030 पर हस्ताक्षर किया गया था, जिसका उद्देश्य कई क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार करना है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, कार्ययोजना में एक ऐसी साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई है जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद साबित होगी। विदेश मंत्री के दौरे से दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति मिलेगी।

सत्र



केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी शनिवार को नीदरलैंड की अपनी यात्रा के दौरान हेग यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज के छात्रों और संकाय के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र के दौरान।




# फिल्म 'पिप्पा' में काम करने को लेकर बेहद खुश हैं मृणाल ठाकुर

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर उपन्यास 'द बर्निंग चैफीज' पर आधारित फिल्म 'पिप्पा' में नजर आएंगी। अभिनेत्री एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं, जहां एक महिला किरदार को युद्ध नाटकों में देखे जाने वाले पारंपरिक लिंग मानदंडों को चुनौती देते हुए एक अच्छी तरह से परिभाषित किया गया है। मृणाल ने राधा नाम की एक मेडिकल छात्रा और क्रिप्टोग्राफर की भूमिका निभाई है, जो अपने भाई-बहनों के साथ युद्ध का एक अनिवार्य हिस्सा बन जाती है। अपनी भूमिका पर चर्चा करते हुए मृणाल ने साझा किया: राधा मेरे दिल के करीब एक चरित्र है। वह न केवल भावनात्मक रूप से, बल्कि बौद्धिक रूप से भी महिलाओं की लचीलापन और ताकत का प्रतिनिधित्व करती है। युद्ध के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल एक महिला चरित्र को देखना ताज़ा था। मैं क्रिप्टोग्राफी में अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे रही हूं। उन्होंने कहा, पिप्पा एक अलग दृष्टिकोण दिखाती है, और मैं राधा की कहानी को जीवंत करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। राजा मेनन द्वारा निर्देशित 'पिप्पा' में ईशान खट्टर भी हैं।

# 'रिश्तों में खुद से प्यार करना जरूरी' : मौनी रॉय



मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री मौनी रॉय और करण कुंद्रा ने रिश्ते के बारे में बालते हुए आत्म-प्रेम पर जोर दिया और बताया कि खुद को प्राथमिकता देना क्यों महत्वपूर्ण है। मौनी ने कहा, किसी भी साझेदारी में दो व्यक्ति एक नई जिंदगी बनाने के लिए एकजुट होते हैं।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह दो व्यक्ति ही बने रहते हैं। 'टेम्पटेशन आइलैंड' व्यक्तिगत विकास और आत्म-सुधार को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा,यह शो व्यक्तियों के लिए खुद पर काम करने और प्यार के संदर्भ में आत्म-सम्मान के मूल्य की गहरी समझ को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। करण कुंद्रा ने कहा, यह शो आपको या तो अपने बारे में या प्यार के बारे में सिखाता है। चाहे आप अपने बारे में या प्यार की जटिलताओं के बारे जानें। इस शो की यात्रा मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।''

उन्होंने कहा, यह एक अनूठा अनुभव है जिसमें आपके स्वयं के चरित्र और प्रेम की आपकी समझ के बारे में सच्चाई को उजागर करने की क्षमता है, जो इसे एक गहन सीखने का साहसिक कार्य बनाता है। 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' जियो सिनेमा पर प्रसारित होता है।

# योगी आदित्यनाथ से मिले धर्मेन्द्र

लखनऊ/एजेन्सी

हन्दी सिनेमा के हीमैन धर्मेंद्र ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। धर्मेन्द्र ने सीएम आवास पर जाकर उनसे बात की। इस दौरान सीएम योगी ने उन्हें ओडीओपी की तस्वीर देकर उन्हें सम्मान दिया। गौरतलब है कि धर्मेंद्र इन दिनों अपनी फिल्म इक्कीस की शूटिंग के लिए लखनऊ गए हुए हैं। वह अगले 10 दिन तक राजधानी में ही रहेंगे। सीएम योगी और धर्मेंद्र की मुलाकात की तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें एक्टर मुख्यमंत्री के साथ पोज देते दिखाई दे रहे हैं। एक दूसरी फोटो में सीएम योगी धर्मेंद्र को ओडीओपी की फोटो देते दिखाई दे रहे हैं।

धर्मेंद्र लगभग 60 साल से फिल्मों में काम कर रहे हैं. इस दौरान उन्होंने करीब 200 फिल्मों में काम किया, लेकिन यह पहली बार है जब वे लखनऊ में शूटिंग करेंगे। 87 साल की उम्र में भी धर्मेंद्र फिल्मों में एक्टिंग कर रहे हैं। हाल ही में वे करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी नजर आए थे। इसमें उन्होंने शबाना आजमी के साथ लिपलॉक किया था जिसकी वजह से वे सुर्खियों का हिस्सा बन गए थे। धर्मेंद्र की फिल्म इक्कीस की बात करें तो यह परमवीर चक्र विजेता सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की जिंदगी से इंस्पायरड है। फिल्म को श्रीराम राघवन निर्देशित कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म के साथ अमिताभ बच्चन के नाती अगत्स्य नंदा अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। अगत्स्य अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन नंदा और निखिल नंदा के बेटे हैं। अगस्त्य का संबंध कपूर परिवार से भी है। इनकी दादी राजकपूर की बेटी है। ऐसे में बच्चन और कपूर परिवार की एक और पीढ़ी फिल्मों में नजर आने वाली है।



## मनोरंजन उद्योग को जीवित रखने के लिए पायरेसी को समाप्त करना जरूरी : अभय सिन्हा

मुंबई/वार्ता

इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन (इम्पा) के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार जताया और कहा कि मनोरंजन उद्योग को जीवित रखने के लिए पायरेसी को समाप्त करना जरूरी है। फिल्म चोरी को नियंत्रित करने और उससे निपटने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिसको लेकर इम्पा के अभय सिन्हा ने पत्र लिख कर भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने लिखा है कि हम आपको फिल्म पाइरेसी के खतरे को नियंत्रित करने और समाप्त करने के लिए वास्तविक और सकारात्मक कदम उठाने के लिए धन्यवाद देते हैं, जो कॉपीराइट अधिनियम और अन्य एटी पाइरेसी कानूनों का खुलेआम उल्लंघन करने के लिए जिम्मेदार है क्योंकि आज तक इसके खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इसका परिणाम यह होता है कि हर फिल्म रिलीज होने से पहले ही पाइरेटेड हो जाती है।



उन्होंने कहा कि मनोरंजन उद्योग को जीवित रखने के लिए पायरेसी को समाप्त करने की आवश्यकता है।पायरेसी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सिनेमैटोग्राफ अधिनियम में संशोधन करने के आपके प्रयासों के लिए हम आपके बेहद आभारी है। अब तक, किसी ने भी इस बात पर विचार नहीं किया था कि विभिन्न पायरेसी नियंत्रण रणनीतियों को कैसे किया जाए, इसलिए हम वास्तव में आपके निर्णय से प्रसन्न है। हम हर क्षेत्र में अधिकारियों की नियुक्ति से खुश और संतुष्ट है।उन्होंने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सुव्यवस्थित करने के आपके सभी प्रयासों में हम हमेशा आपके साथ है और हमें यकीन है कि हमेशा आपके मनोरंजन उद्योग के लिए लाभकारी विभिन्न कदम उठाने के लिए तत्पर रहेंगे।

## तुनिषा शर्मा आत्महत्या मामला

# बंबई उच्च न्यायालय ने शीजान खान के खिलाफ उकसाने का मामला रद्द करने से इनकार किया

मुंबई/भाषा

बंबई उच्च न्यायालय ने टेलीविजन अभिनेता शीजान खान के खिलाफ दिसंबर 2022 में अपनी सह-अभिनेत्री तुनिषा शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दर्ज प्राथमिकी को शुक्रवार को रद्द करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस मामले की जांच से प्रथम दृष्टया उसकी संलिप्तता का पता चलता है। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि शीजान खान के खिलाफ लगे आरोपों से प्रथम दृष्टया पता चलता है कि तुनिषा शर्मा के साथ संबंध खत्म करने, एक अन्य महिला के साथ संबंध रखने और लगातार झगड़ों ने अभिनेत्री को काफी प्रभावित किया था।

तुनिषा शर्मा (21) और शीजान खान 24 दिसंबर, 2022 को मुंबई के बाहरी इलाके वसई के पास एक स्टूडियो में एक टेलीविजन शो की शूटिंग कर रहे थे। शर्मा और खान के बीच दो महीने तक प्रेम संबंध चला था, लेकिन किसी कारण उनके बीच यह रिश्ता टूट गया था। इस घटना के दिन, शर्मा और खान के बीच कथित तौर पर उसके 'मेकअप रूम' में झगड़ा हुआ था, जिसके बाद तुनिषा ने फांसी लगा ली थी।

बंबई उच्च न्यायालय ने कहा, ''प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक (शीजान खान) की ओर से किए गए अपमान से पीड़िता (तुनिषा शर्मा) का आत्मसम्मान धूमिल हो गया था।'' पीठ ने शीजान खान की इस दलील को मानने से इनकार कर दिया कि प्रेम संबंध में रहना और प्रेम संबंध तोड़ना आधुनिक समाज का एक सामान्य पहलू है। अदालत ने कहा, ''आवेदक ने जानबूझकर पीड़िता को मानसिक रूप से परेशान किया और उसके साथ अक्सर झगड़ा करके उसे अपमानित किया।''



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
चेन्नई | रविवार | 12-11-2023
/dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

# सोई हुई चेतना को जगाने का अनुपम पर्व है दीपावली : देवेंद्रसागरसूरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन मूर्तिपूजक संघ में आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरीजी ने दीपावली पर्व की महत्ता को उजागर करते हुए कहा कि दीपावली भारत का एक ऐसा पवित्र पर्व है, जिसका सम्बन्ध भारतीय संस्कृति की सभी परम्पराओं से है। भारतीय संस्कृति के प्राचीन जैन धर्म में इस पर्व को मनाने के अपने कारण हैं. ईसा से लगभग 527 वर्ष पूर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के समापन होते ही, अमावस्या के लगभग प्रारम्भ में स्वाति नक्षत्र के दौरान महावीर स्वामी अपने सांसारिक जीवन से मुक्त होकर निर्वाण को प्राप्त हो गए। उस समय इन्द्रादि देवों ने आकर भगवान महावीर के शरीर की पूजा की और पावापुरी नगरी को दीपकों से सजाकर प्रकाशयुक्त कर दिया, उसी समय से आज तक यही परंपरा जैन धर्म में चली आ रही है। जैन धर्म में प्रतिवर्ष दीपमालिका सजाकर भगवान महावीर का निर्वाणोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि दीपावली का पर्व ज्योति का पर्व है। दीपावली का पर्व पुरुषार्थ का पर्व है। यह आत्म-साक्षात्कार का पर्व है। यह अपने भीतर सुषुप्त चेतना को जगाने का अनुपम पर्व है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है।भगवान महावीर ने दीपावली की रात जो उपदेश दिया उसे हम प्रकाश पर्व का श्रेष्ठ संदेश मान सकते हैं। भगवान महावीर की यह शिक्षा मानव मात्र के आंतरिक जगत को आलोकित करने वाली है। यद्यपि लोक मानस में दीपावली एक सांस्कृतिक पर्व के रूप में अपनी व्यापकता सिद्ध कर चुका है। फिर भी यह तो मानना ही होगा कि जिन ऐतिहासिक महापुरुषों के घटना प्रसंगों से इस पर्व की महत्ता जुड़ी है, वे अध्यात्म जगत के शिखर-पुरुष थे। इस दृष्टि से दीपावली पर्व लौकिकता के साथ-साथ आध्यात्मिकता का भी अनूठा पर्व है। दीपावली पर्व की सार्थकता के लिए जरूरी है कि दीये बाहर के ही नहीं, दीये भीतर के भी जलने चाहिए, क्योंकि दीया कहीं भी जले, उजाला देता है। दीये का संदेश है- हम जीवन से कभी पलायन न करें, जीवन को परिवर्तन दें, क्योंकि पलायन में मनुष्य के दामन पर बुजदिली का धब्बा लगता है, जबकि परिवर्तन में विकास की संभावनाएं जीवन की सार्थक दिशाएं खोज लेती हैं्। असल में दीया उन लोगों के लिए भी चुनौती है, जो अकर्मण्य, आलसी, निठल्ले, दिशाहीन और चरित्रहीन बनकर सफलता की ऊंचाइयों के सपने देखते हैं जबकि दीया दुर्बलताओं को मिटाकर नई जीवनशैली की शुरुआत का संकल्प है।

# भीतर के अंधकार को प्रकाश में बदलने का पर्व है दीपावली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। दीपावली प्रकाश का उत्सव है। यह पर्व महज हमारे आसपास घरों के अंधेरों को ही दूर करने का नहीं बल्कि हमारे भीतर के अंधकार को प्रकाश में बदलने का पर्व है दीपावली। साहुकारपेट जैन भवन के मरूधर केसरी दरबार में महासती धर्मप्रभा ने दीपोत्सव के पूर्व संध्या पर शनिवार को आयोजित धर्मसभा में कहा कि जब मनुष्य अपने मन के काम क्रोध, लोभ, मोह का कचरा क्लोषित भावना ईर्ष्या-द्वेष आदि विकारों को दूर करके आत्मा में ज्ञान का घी डालकर दीप प्रज्वलित करता है।

तो वह अपने अज्ञान रूपी अंधेरे को दूर करके जीवन मे खुशियों को प्राप्त कर पाएगा और आत्मा को संसार के बंधनों से मुक्त करवा सकता है। साध्वी स्नेहप्रभा ने भगवान महावीर स्वामी की दिव्य धर्म देशना श्रीमद् उत्तराध्ययन सूत्र के बत्तीसवें एवं तेतीसवें अध्याध्य पमायट्ठाणं और कम्मप्पयडी पाठ के अध्ययन प्रमाद और अप्रमाद का भेद बताते हुए कहा कि प्रमाद संसार के आकर्षण की ओर खींचता है और आसक्ति में डुबोकर संसार में आत्मा को अटकाता और भटकाता है। जबकि अप्रमाद करने पर आत्मा को संसार से मुक्ति की प्राप्ति होती है। साहुकारपेट श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीर चंद सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया इस दौरान अनेकों ने तेले तप,उपवास आयंबिल, एकासन और मौन के साध्वी वृंद से प्रत्याख्यान लिए। जिनका श्री संघ के उपाध्यक्ष सुरेश चंद डूंगरवाल, शम्भेसिंह कावड़िया मंत्री सज्जनराज सुराणा तथा महिला मंडल की सदस्यों ने अनुमोदना की।

## दीपावली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई में राजस्थान कॉस्मो क्लब (आरसीसी) फाउंडेशन की ओर से दिवाली के अवसर पर शनिवार को सुबह चेतपेट स्थित टीएनएफडीसी इको पार्क के 51 कर्मचारियों के परिवारों को शर्ट, साड़ी एवं मिठाई का डिब्बा उपहार स्वरूप दिया गया। फाउंडेशन के सचिव राहुल बोहरा, गौतम जांगड़ा, दिलीप गादिया और आशीष चोरड़िया ने ये उपहार दिए।








# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रस्तुत किए शानदार मॉडल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज में शुक्रवार को विद्यालय के प्रांगण में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 3 से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्रों ने विज्ञान से संबंधित मॉडल्स तथा चार्ट बनाकर प्रदर्शित किए्। प्रदर्शनी की थीम आल इन साइंस था। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ्।

जवाहर हायर सेकेंडरी स्कूल की वरिष्ठ हेडमिस्ट्रेस श्यामला जयशंकर ने मुख्य अतिथि एवं भौतिक विज्ञान की विभागाध्यक्षा एस. गीता तथा रसायन विज्ञान की विभागाध्यक्षा ज्योत्सना दिवाकर ने विशेष अतिथि पद की शोभा बढ़ाई। उप प्रधानाचार्या माहेश्वरी मारन ने स्वागत भाषण दिया एवं अतिथियों का अभिनन्दन किया। विद्यालय प्रधानाचार्या विजयलक्ष्मी, उप प्रधानाचार्या माहेश्वरी मारन, वरिष्ठ उपप्रधानाचार्य रघुदेव एवं विज्ञान विभागाध्यक्ष बाला मुरली ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। वरिष्ठ अध्यापक पीवी राजारामन ने अतिथियों का परिचय दिया।

छात्रों ने प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, नाटक, स्किट, माइम आदि की प्रस्तुति भी दी। अतिथियों ने बच्चों की इस कार्यविधि की प्रशंसा की तथा अपने प्रेरक शब्दों से उनका उत्साहवर्धन किया।

बच्चों ने उनके द्वारा लगाई गए प्रोजेक्टों के बारे में पूछे गए प्रश्नों का सरल तरीके से उत्तर दिया तथा उन्हें अपने प्रोजेक्ट के बारे में समझाया।

इस प्रदर्शनी में अभिभावक समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं। यह प्रदर्शनी विद्यालय के पत्राचारक एनके सिंघला के नेतृत्व में संपन्न हुई। विज्ञान अध्यापिका जयमाला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


# गौतम स्वामी के पास लब्धि से ज्यादा उपलब्धियां हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। किलपॉक जैन संघ में विराजित आचार्य केसरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी ने प्रवचन में कहा कि परोपकार में सबसे श्रेष्ठ उपकार धर्मोपदेश है। इससे बढ़कर जगत में कोई बड़ा उपकार नहीं है। दानधर्म की महिमा का उपदेश धर्मोपदेश से मिला है। धर्मोपदेश देकर सम्यकज्ञान का दान सबसे बड़ा उपकार है। उपदेश बिना किसी को ऊपर लाना मुश्किल है। उपदेश शब्द जैन धर्म में बहुत प्रचार, प्रसार के साथ आया हुआ है। उन्होंने कहा जो वचन जीवन की प्रगति करे, बुद्धि की परिपक्वता बढ़ाए, व्यक्ति के पुण्य में वृद्धि करें, पवित्रता का बीजारोपण करें, प्रवज्या के भाव उत्पन्न करें, परमपथ की ओर ले जाए, ऐसे वचन प्रवचन यानी धर्मोपदेश होते हैं्। महावीर भगवान् ने अंतिम श्वास तक देशना देकर धर्मोपदेश दिया। उन्होंने कहा प्राचीन महापुरुषों का समय शास्त्रों की काव्य रचनाओं में जाता था। ज्ञानदान महान् उपकार है। उपदेश जैसा कोई उपकार नहीं होता है। उन्होंने कहा सबसे बड़ा उपद्रव कर्म की स्थिति है। परमात्मा ने सारे कर्मसमूह को जलाकर नाश कर दिया। मंत्र चैतन्य शक्ति है। ज्ञान के अभाव में व्यक्ति जीवदया का पालन भी सही तरीके से नहीं कर पाता।

उन्होंने कहा दिवाली महावीर भगवान् का निर्वाण कल्याणक है। निर्वाण अनंत, अतुलनीय, अखंड, अक्षय सुख है। गौतमस्वामी का 2550वां केवलज्ञान दिवस मंगलवार को है। गौतम स्वामी के पास लब्धि से ज्यादा उपलब्धियां थी। संपत्ति, वैभव, सत्ता लब्धि है तो दान, सदाचार, तप-त्याग, समाजसेवा, गुरुभक्ति आदि उपलब्धि है। उपलब्धि भावीजीवन का निर्माण करती है। उन्होंने कहा अंत:करण से किया हुआ धर्म पूरा फल देता है। हमें सम्यक्त्व दृढ़ रखना चाहिए। परमात्मा जब दीक्षित हुए तब अकेले थे, केवलज्ञान हुआ तब अकेले थे और निर्वाण हुआ तब भी अकेले थे। उनकी पहले देशना निष्फल गई थी। अगर प्रभु के साथ ऐसी घटनाएं हुई है तो हमारे साथ तो कुछ भी हो सकता है।



# बच्चे श्रमशील बनते हुए दूसरों के बने सहयोगी : साध्वी शिवमाला

## राज्य स्तरीय अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टैक्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में अणुव्रत समिति, चेन्नई द्वारा साध्वी शिवमालाजी म. के सान्निध्य में ट्रिप्लीकेन के तेरापंथ भवन में अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टैक्ट 2023 राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन आयोजित हुआ। साध्वीश्रीजी के नमस्कार महामंत्र समुच्चारण से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ्। इस प्रतियोगिताओं में स्कूल स्तर से जिला स्तर पर पहुंचे विजेता एवं जिला स्तर से राज्य स्तर पर पहुंचे विजेताओं का राज्य स्तर के प्रतिभागियों के रूप में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चित्रकला, कविता लेखन, निबंध लेखन, एकल गायन, समूह गायन एवं भाषण प्रतियोगिताएं कक्षा 5 से 8 एवं 9 से 12 इन दो समूहों के विद्यार्थियों के लिए रखी गई।

अणुव्रत समिति के सदस्यों द्वारा मंगलाचरण हुआ, तत्पश्चात समिति अध्यक्ष ललित आँचलिया ने आगंतुकों का स्वागत किया और आगे के कार्यक्रमों की जानकारी दी।

शासनश्री पदवी से सम्मानित साध्वी शिवमालाजी ने विशेष प्रेरणा देते हुए कहा कि बच्चों का जीवन बड़ा कोमल होता है, हदय बहुत ही सरल होता है। आज आप बच्चे हो, पर आप बच्चों से ही महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री, महावीर, बुद्ध भी बनें है। बच्चे ज्ञानवान बने, ज्ञानार्जन करें, स्वयं का विकास करें, सही दिशा का चयन करें। आपका जीवन श्रमशील होना चाहिए एवं दुसरो के लिए सदैव सहयोगी बने। साध्वी श्री अमितरेखाजी ने अपने विचारों और साध्वी श्री अर्हमरेखाजी ने प्रेक्षाध्यान के प्रयोग से प्रेरणा दी।

विशिष्ट अतिथि अणुविभा उपाध्यक्ष माला कात्रेला ने तमिल भाषा में बच्चों को प्रेरणा देते हुए अणुव्रत के नियमों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में तेरापंथ सभाध्यक्ष उगमराज सांड, ट्रिप्लीकेन ट्रस्ट बोर्ड प्रबंध न्यासी सुरेश संचेती, कार्यक्रम के प्रायोजक विजयराज भरत कटारिया परिवार, निर्णायक गणों एवं अन्य अनेकों गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आगाज हुआ। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनमोह लिया। इस कार्यक्रम में राज्य स्तरीय विजेता रहे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनने का मौका प्राप्त होगा।

अणुव्रत समिति मंत्री स्वरूपचन्द दाँती ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चेन्नई, मदुरई, तेनकासी, चैंगलपेट, विल्लीपुरम, कल्लकुरीची, तिरुवल्लुर एवं रानीपेट आदि आठ जिलों से बच्चे प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। विजेता बच्चों, अतिथियों, निर्णायकों को अणुव्रत समिति चेन्नई द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तमिलनाडु राज्यप्रभारी कुशल बांठिया ने धन्यवाद और साउथ जोन प्रभारी सुभद्रा लुणावत ने संचालन किया।

# 'गुरु के दर्शन करने से किसी को रोकना प्रभु के दर्शन से वंचित करना'

**चेन्नई।** यहां के पुरुषवाक्कम के एएमकेएम में विराजित साध्वीश्री चैतन्यश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में बताया कि पावापुरी में हस्तीपाल राजा के यहां परमात्मा प्रभु महावीर का अंतिम समवशरण लगा हुआ है। जहां तीनों गति के जीव समवशरण में भगवान का उपदेश सुनने के लिए गए किसी के लिए आज का दिन मोक्ष के लिए तो किसी के लिए संसार सागर से पार करने के लिए था श्रीलंका पर अयोध्या के राम विजय प्राप्त करके अयोध्या आए। उसी प्रकार भगवान विष्णु नरकासुर का अत्याचार को आज के दिन खत्म किया था। इस संसार में हम प्रभु की जिनवाणी श्रवण कर रहे हैं। जहां 18 देश के राजा बेले की तपस्या करके पौषध में बैठे थे। प्रभु के समवशरण में बारह परिषद मौजूद थी परमात्मा ने आठ कर्म रूपी शत्रुओं के बारे में बताया ज्ञानियों की अशातना करने से ज्ञानावरणीय कर्म का बंध होता है। गुरु का नाम छुपाना ज्ञान में अंतराय देना, ज्ञानी से वाद-विवाद करना इससे ज्ञानावरणीय कर्म का बंध होता है। गुरु के दर्शन करने से किसी को रोकना प्रभु के दर्शन से वंचित करना। साधु संतों के पास जाने से रोकना इससे दर्शनावरणीय कर्म का बंध होता है। वेदनीय कर्म अगर किसी को सुख देंगे, तो साता वेदनीय कर्म का बंध होगा और किसी को दुख देंगे। असाता वेदनीय कर्म का बंध होगा कई लोग दुख भोग रहे हैं। इसका मतलब उनका असाता वेदनीय कर्म का उदय हुआ है इसीलिए दुख भोग रहे हैं। शारीरिक वेदना को सहन कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने ऐसा ही बीज बोया था। किसी को दुख देंगे तो दुख ही मिलेगा दुख देकर सुख की अगर कामना करते हैं। मोहनिया कर्म के कारण हमें मोक्ष जाने में बाधा होती है। मोहनीय कर्म का आयुष्य सबसे ज्यादा है।









Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.

दीपावली 2023




| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| EVERWIN VIDHYASHRAM KG - XII CBSE KOLATHUR ☎:2556 4400 / 9445 999 000 | EVERWIN MATRIC HSS KG - XII MATRIC KOLATHUR ☎:2556 1100 / 9445 666 000 | EVERWIN PUBLIC SCHOOL KG - XII CBSE MADURAVOYAL ☎:2378 1107 / 9884 777 000 | EVERWIN VIDHYASHRAM KG - XII CBSE MATHUR ☎:2555 2266 / 8940 777 000 | EVERWIN VIDHYASHRAM KG - X CBSE PERAMBUR ☎:2662 1100 / 9445 95 95 95 | EVERWIN VIDHYASHRAM KG - IX CBSE SURAPET ☎:9445 999 555 / 6384 380 077 |